

सार्थक संवाद 2026 का आयोजन रविवार को बिलासपुर में हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न सौंपते विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला एवं हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी।


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹118719/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹144995/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹158276/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

ANAND® Jewels

Pandri, Raipur


# सीएम साय ने कहा-31 मार्च तक छत्तीसगढ़ से खत्म होगा नक्सलवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हरिभूमि के मंच से बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि प्रदेश में नक्सलवाद का खात्मा 31 मार्च 2026 तक जरूर हो जाएगा। प्रदेश के जवानों के हौसले को सलाम करते हुए श्री साय ने कहा कि बस्तर में केंद्र सरकार के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ सरकार विकास की संरचनाओं पर ध्यान दे रही है, इसलिए ही वहां की जनता हम पर भरोसा कर रही है और हम उनके लिए काम भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बिलासपुर के विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं होगी। सरकार शिक्षा स्वास्थ्य के साथ ही हवाई सेवा पर भी पूरा ध्यान दे रही है। सीएम साय ने एक और बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना में नई पात्र महिलाओं को जोड़ा जाएगा जिससे की अधिक से अधिक लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके। सीएम श्री साय ने यह घोषणाएं हरिभूमि के सार्थक संवाद कार्यक्रम के दौरान की। इस कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर के पं देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में किया गया था। हरिभूमि आईएनएच के प्रधान। संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने इस अवसर पर प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

- महतारी वंदन योजना में नई पात्र महिलाओं को जोड़ा जाएगा

## हरिभूमि व आईएनएच के सार्थक संवाद 2026 में डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सवालों का मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिया जवाब



**डॉ. द्विवेदी-** आपको जनता और पार्टी दोनों का विश्वास मिलता है, यह सामंजस्य आखिर कैसे बिठाते हैं?

**मुख्यमंत्री-** जनता के बीच लगातार रहने और उनके सुख-दुख में काम आने के कारण उनका प्यार शुरू से मिलता रहा है। यही कारण रहा की पंच से लेकर सरपंच और फिर विधायक और सांसद तक का सफर तय किया और अब मुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस बीच पार्टी ने जो भी दायित्व सौंपा उसे ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास किया और उम्मीद पर खरा ▶▶| शेष पेज 5 पर

### पंच से मुख्यमंत्री तक

मुख्यमंत्री से जब राजनीतिक सफर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने अपनी मार्मिक कहानी बताई। बचपन में पिता का साया छिन गया। बड़े पुत्र के नाते मेहनत कर खेती किसानी में ध्यान लगाया। पढ़ाई लिखाई की। फिर बड़े होने पर लोगों ने कहा गांव के पंच बन जाओ। इसके बाद लोगों ने ही सरपंच के लिए कहा। इसके बाद विधायक भी बन गया। जनता का प्यार है जो लगातार चार बार सांसद भी बना और गांव के करीब का बेटा मुख्यमंत्री भी बन गया। सवाल के जवाब में उन्होंने कहा इस पार्टी में चायवाला भी प्रधानमंत्री बन सकता है।

### गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

### अवकाश

इस अवसर पर 26 जनवरी सोमवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 28 जनवरी बुधवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।

प्रधान संपादक

## पहली बार तिरंगा लहराएगा बस्तर के 41 गांव में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बस्तर रेंज के 41 गांवों में पहली बार राष्ट्रीय पर्व का आयोजन किया जा रहा है। ये वह गांव हैं, जो दशकों तक राष्ट्रीय आयोजनों से वंचित रहा। बीते कुछ महीनों में इन क्षेत्रों में स्थापित सुरक्षा शिविरों ने स्थानीय जनता के बीच विश्वास और अपनत्व की ▶▶| शेष पेज 5 पर


### सुकमा जिले के 10 गांव में मनेगा तिरंगा पर्व

बस्तर संभाग के सुकमा जिले में 10 ऐसे गांव है, जहां सीआरपीएफ के कैम्प 11 सितंबर से 17 दिसंबर 2025 को खोले गए है। यहां भी नक्सली खौफ के चलते कभी भी तिरंगा नहीं लहराया था। नक्सलियों के फरमान से काले झंडे फहराए जाते थे। सुरक्षा कैम्प खुलने से पहली बार तिरंगा लहराएगा। ▶▶| शेष पेज 5 पर

## पुलिस मैदान में सीएम फहराएंगे तिरंगा



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय संभागीय मुख्यालय सोमवार को बिलासपुर के पुलिस परेड मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में तिरंगा झंडा फहराएंगे। वे राज्य की जनता के नाम संदेश वाचन के साथ ही परेड की सलामी लेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन की तमाम तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण ▶▶| शेष पेज 5 पर




# रायपुर साहित्य उत्सव 2026





नया रायपुर पुरखौती मुक्तांगन में तीन दिनों तक काव्य, लेखन, नाट्य, सिनेमा और कला प्रेमियों का हुजूम उमड़ा। इस साहित्य के महाकुंभ में डुबकी लगाने स्कूली बच्चों से लेकर हर वर्ग के लोग पहुंचे। शहरवासियों सहित पूरे देश-प्रदेश से लोग रायपुर साहित्य उत्सव का साक्षी बने। साहित्य उत्सव को लेकर पुरखौती मुक्तांगन में हुए साज-सजावट भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। हर कोई कैमरे व मोबाइल से एक-एक पल को तस्वीर व वीडियो में कैद कर संजोते दिखे।

## पुरखौती मुक्तांगन में रायपुर साहित्य उत्सव आदि से अनादि तक, तीन दिनों तक देश-प्रदेश से पहुंचे साहित्य प्रेमियों का लगा तांता

# नंदा जाही का रे, नंदा जाही का रे, नंदा जाही का...छत्तीसगढ़ी काव्य से गूंजा साहित्य उत्सव

नंदा जाही का रे, नंदा जाही का रे, नंदा जाही का...कमरा अउ खुमरी, अरई तुतारी, अरा ररा तता छो...। पैरी-सोंढुर- महानदी, हसदो-अरपा-सिवनाथ, खारुन-इंद्रावती-मांद, वनगे सव काले के हाथ लहूट गे जीवलेवा कोल्हान पूरा मं एसों...जैसे काव्य पंक्तियों से पुरखौती मुक्तांगन गूंज उठा। साहित्य उत्सव के तृतीय सत्र में श्यामलाल चतुर्वेदी मंडप पर छत्तीसगढ़ी काव्य पाठ विषय पर प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी कवि मीर अली मीर, रामेश्वर वैष्णव, शशि सुरेंद्र दुबे और रामेश्वर शर्मा ने छत्तीसगढ़ी काव्य पाठ से काव्य प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साहित्य उत्सव के अंतिम दिन काव्य, साहित्य, फिल्मजगत के विभूतियों का जमावड़ा रहा। रविवार को तीन सत्रों में संविधान एवं भारतीय मूल्य, पत्रकारिता और साहित्य, नाट्य शास्त्र और कला परंपरा, सिनेमा और समाज, शासन और साहित्य, काव्य पाठ जैसे विषयों पर विषय विशेषज्ञों ने विचार रखे। छुट्टी का दिन होने की वजह से बड़ी संख्या में लोग साहित्य उत्सव का हिस्सा बनने पहुंचे। ओपन मंच से लेकर साहित्य उत्सव के चार मंडपों में साहित्यकारों को सुनने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।



## पत्रकारिता में तथ्य और साहित्य में भावना प्रधान होती है : डॉ. हिमांशु द्विवेदी

समाज के संदर्भ में हर विचार का स्थान होना चाहिए। पत्रकारिता में तथ्य की प्रधानता होती है, यदि पत्रकारिता भावना प्रधान हो जाएगी तो पत्रकारिता बेईमानी है। वहीं, साहित्य में भावना प्रधान होती है। उन्होंने आगे कहा कि आदर्श व व्यावहरिक मूल्यों की आधार पर बात करें तो आज की पत्रकारिता में राष्ट्र निर्माण की ललक कम दिखती है। पत्रकारिता में सचेत रहने की जरूरत है। वह द्वितीय सत्र में लाला जगदलपुरी मंडप पर पत्रकारिता और साहित्य परिचर्चा में अतिथि वक्ता के रूप में अपना वक्तव्य रखे। वहीं, इस परिचर्चा में वरिष्ठ पत्रकार अवधेश कुमार, साहित्यकार गिरिश पंकज और लेखिका एवं पत्रकार स्मिता मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त किए।



## लोग रिस्क लेकर सामाजिक सरोकार से जुड़ा सिनेमा बनाते हैं

हिंदी सिनेमाजगत के निर्देशक अनुराग बसु ने परिचर्चा में भाग लेते हुए सिनेमा को एक ऐसा औजार बताया, जो बिगड़े हुए समाज को शेप दे सकता है। उन्होंने कहा कि लोग रिस्क लेकर ऐसे सिनेमा बनाते हैं। अगर हम सिनेमा से सामाजिक सरोकार की अपेक्षा करते हैं, तो बहुत से लेखक-निर्देशक आज भी इस दायित्व को निभाते आ रहे हैं। बसु ने कहा कि 90 के दशक में जितने सिनेमा बनते थे, आज भी उतने ही बनते हैं, बल्कि फिल्मों की संख्या और अधिक है। आज सिनेमा के पास ज्यादा टेक्नोलॉजी है, लेकिन कहानियां भी वही हैं। अब नई कहानियां सामने आ रही हैं, नए विषयों पर फिल्में बन रही हैं। हम यदि किसी लेखक-निर्देशक की बनाई किसी फ़िल्म को अच्छा या बुरा कहते हैं, तो यह हमारा व्यक्तिगत विचार है, क्योंकि उसने पूरी ईमानदारी से फ़िल्म बनाई है और उसके हिसाब से वह फ़िल्म अच्छी बनी है। रायपुर साहित्य उत्सव के अंतर्गत समाज और सिनेमा विषय पर केंद्रित परिचर्चा को सुनने के लिए श्रोता अनिरुद्ध नीरव मंडप में पहुंचे, जिसमें इतिहासकार-पटकथा लेखक एवं निर्माता डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी और सिनेमा लेखक अनंत विजय ने हिस्सा लिया।




## नवयुग में भारत बोध पर विचार-विमर्श शिक्षा और मीडिया की भूमिका पर मंथन

रायपुर साहित्य उत्सव के अंतर्गत श्यामलाल चतुर्वेदी मंडप में रविवार को "नवयुग में भारत बोध" विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। यह कार्यक्रम मावली प्रसाद श्रीवास्तव को समर्पित रहा। परिचर्चा के सूत्रधार प्रभात मिश्रा थे। कार्यक्रम में डॉ. संजीव शर्मा एवं डॉ. संजय द्विवेदी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. संजीव शर्मा ने शिक्षा में भारत बोध की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति में भारतीय दृष्टि को समुचित स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति केवल आत्मकल्याण तक सीमित नहीं है, बल्कि विश्व कल्याण की भावना से जुड़ी हुई है। हमारी दृष्टि सभी को अपने जैसा बनाने की नहीं, बल्कि विविधता में एकता की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की भूमिका सामान्य से कहीं अधिक व्यापक है और उसका उद्देश्य व्यक्ति को जाति-पाति तथा संकीर्ण बंधनों से मुक्त कर मानवीय मूल्यों से जोड़ना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में ईश्वर की अनुभूति मानव, जीव-जंतु और प्रकृति सभी में की जाती है। हमारी सांस्कृतिक शब्दावली को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाना चाहिए।




# आज की पीढ़ी छत्तीसगढ़ की रामायण कालीन संस्कृति व साहित्य को भूल गई

## तीन दिवसीय साहित्य उत्सव के समापन में शामिल हुए राज्यपाल

तीन दिवसीय साहित्य उत्सव के समापन में राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में पुरखौती मुक्तांगन परिसर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने साहित्य को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि इंटरनेट से भरी इस दुनिया और न्यू जनरेशन वाले इस दौर में भी प्रिंट और साहित्य का महत्व हमेशा बना रहेगा। उन्होंने कहा कि साहित्य और कविता में हमेशा एक संदेश होना चाहिए। जिस तरह संगीत के सात स्वर हमें जोड़े रखते हैं, उसी तरह साहित्य का आदान-प्रदान नई बातों को सीखने का अवसर प्रदान करता है। राज्यपाल ने कहा कि पिछले तीन दिनों में इस मंच पर बहुत अच्छी और सार्थक चर्चाएं हुईं। विचारों का खुलकर आदान-प्रदान हुआ। सबने मिलकर साहित्य, समाज और जीवन से जुड़े कई विषयों पर बात की। यह उत्सव सभी साहित्य प्रेमियों के लिए एक यादगार और सीखने वाला अनुभव रहा है। इस दौरान कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन भी हुआ। देश भर से आए नामी प्रकाशकों ने यहां किताबों का बहुत सुंदर संग्रह प्रस्तुत किया। पाठकों को नई-नई किताबें देखने और पढ़ने का अच्छा मौका मिला। यह देखकर अच्छा लगता है कि आज भी लोगों में किताबों के प्रति गहरी रुचि है।



### शहरों व गांवों के स्तर तक भी किया जाना चाहिए आयोजन

श्री डेका ने कहा, साहित्य और संगीत का आदान-प्रदान जरूरी है और ऐसे साहित्य का उत्सव हमेशा होना चाहिए। उन्होंने तीन दिवसीय सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन राज्य के अन्य शहरों एवं गांवों के स्तर तक भी किया जाना चाहिए और यह आयोजन सरकारी न होकर समुदाय की भागीदारी वाले होने चाहिए। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी छत्तीसगढ़ के रामायण कालीन संस्कृति एवं साहित्य को भूल गई है। हमारा राज्य बहुत सुंदर है और यहां की संस्कृति भी बहुत समृद्ध है। इसका प्रचार-प्रसार होना चाहिए ताकि राज्य के बाहर के लोग यहां के बारे में जान सकें। श्री डेका ने कहा कि शब्दों में बहुत शक्ति होती है। शब्द का रूप ब्रह्म है।


### छत्तीसगढ़ में साहित्य की अविरल धारा बहती रही है

समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में साहित्य की अविरल धारा बहती रही है। कालीदास, रविन्द्रनाथ टैगोर जैसे कवि एवं साहित्यकारों का इतिहास भी छत्तीसगढ़ से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी इस तरह के आयोजन अनवरत किए जाते रहेंगे। समापन समारोह की अध्यक्षता प्रख्यात रंगकर्मी, नाट्य लेखक डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने की। फिल्म अभिनेता एवं निर्देशक डॉ. चंद्र प्रकाश द्विवेदी, फिल्म निर्माता-निर्देशक श्री अनुराग बसु विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार श्री पंकज झा और श्री आर कृष्णा दास, राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, राज्यपाल के विधिक सलाहकार श्री भीष्म प्रसाद पाण्डेय, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पहले सीएम हैं जिन्होंने एक साहित्यकार की अंतिम विदाई में उन्हें कंधा दिया। विनोद शुक्ल की अंतिम यात्रा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी ने जिस तरह भावभीनी श्रद्धांजलि दी वह साहित्यकारों के प्रति उनके हृदय में आदर को व्यक्त करता है।

-अनंत विजय, वरिष्ठ स्तंभकार



मैं 2014 में रायपुर में आयोजित पहले साहित्य उत्सव में भी उपस्थित था, उसके बाद 2026 में आयोजित इस साहित्य महोत्सव में भी सम्मिलित होने का अवसर मिला। इस दौरान मैंने पाया कि इस आयोजन में सभी व्यवस्थाएं हर मानक में उत्कृष्ट रहीं बल्कि यह देश में होने वाले किसी भी साहित्य महोत्सव की तुलना में श्रेष्ठ हैं। इसके लिए राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी, राज्यपाल महोदय तथा आयोजन से जुड़े भी अधिकारी-कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।

-चंद्रप्रकाश द्विवेदी, प्रख्यात अभिनेता, निर्देशक



रायपुर साहित्य उत्सव का स्केल इतना बड़ा हो गया है कि इसकी मुझे उम्मीद नहीं थी । साहित्य के इस गरिमामय आयोजन के लिए आयोजकों को साधुवाद।

-अखिलेश शर्मा
वरिष्ठ संपादक एनडीटीवी

## शासन का मूल काम स्वतंत्रता, समता और न्याय की स्थापना

रायपुर साहित्य उत्सव के तीसरे दिन वर्तमान में साहित्य सृजन में लगे भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों ने 'शासन और साहित्य' के अंतर्संबंधों पर गहरा विमर्श किया। लाला जगदलपुरी मंडप में आयोजित यह सत्र मूर्धन्य छत्तीसगढ़ी साहित्यकार और पूर्व सांसद केयूर भूषण को समर्पित रहा। रायपुर के कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह इस सत्र में सूत्रधार की भूमिका में थे। वरिष्ठ साहित्यकार और सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. सुशील त्रिवेदी ने शासन की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा कि




शासन का मूल काम स्वतंत्रता, समता और न्याय की स्थापना करना है, जबकि साहित्य आम आदमी के संघर्ष और भावनाओं की अभिव्यक्ति है। उन्होंने बेहद सारगर्भित बात कही कि जब 'स्वांतः सुखाय' के भाव से लिखा गया शब्द 'बहुजन सुखाय और बहुजन हिताय' बन जाता है, तब वह साहित्य बन जाता है। उन्होंने साहित्य को मनुष्य का 'स्थायी लोकतंत्र' करार दिया। चर्चा को आगे बढ़ाते हुए साहित्यकार एवं सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. संजय अलंग ने वैश्विक क्रांतियों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि रूस और फ्रांस जैसी बड़ी क्रांतियां साहित्य की कोख से ही जन्मी हैं। शासन लगातार साहित्य से सीखता है और सत्ता में आने के बाद भी उसे साहित्य से ही दृष्टि मिलती है। साहित्यकार एवं सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. इंदिरा मिश्रा ने परिचर्चा में शासन की व्यावहारिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

### गुरु–शिष्य परंपरा और दुर्लभ वाद्यों के संरक्षण पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

साहित्य उत्सव के अंतर्गत श्यामलाल चतुर्वेदी मंडप में रविवार को द्वितीय सत्र के दौरान "नाट्यशास्त्र और कला परंपरा" विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। यह सत्र महान कला संरक्षक राजा चक्रधर सिंह को समर्पित रहा। कार्यक्रम के सूत्रधार राजेश गानोदवाले रहे। परिचर्चा में इंदिरा कला विश्वविद्यालय, खैरागढ़ की कुलपति डॉ. लवली शर्मा तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र से संबद्ध डॉ. सच्चिदानंद जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने नाट्यशास्त्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नाट्यशास्त्र अपने आप में एक संपूर्ण शास्त्र है और जहां भी सृजनात्मकता है, वहां नाट्यशास्त्र की उपस्थिति दिखाई देती है।



बिलासपुर

सोमवार 26 जनवरी 2026

माघ शुक्ल पक्ष अष्टमी

वर्ष : 25, अंक : 305

पृष्ठ : 12+20 = 32 मूल्य : 4.00***

मौसम

अधि. 30.4

न्यून. 14.9

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com










# जहां पहुंचना आसान नहीं, वहां 37 साल से सेवा, डॉ. दंपती समेत छग के तीन को पद्मश्री

### अलका याग्निक और झारखंड के पूर्व सीएम शिबू को पद्म भूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/जगदलपुर

खास खबर

केंद्र सरकार ने वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी। छत्तीसगढ़ से तीन समेत देश की 131 हस्तियों को पद्मश्री से नवाजा गया है। छत्तीसगढ़ से समाजसेविका बुधरी ताती और चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में कार्यरत डॉ. रामचंद्र त्र्यंबक गोडबोले और उनकी पत्नी सुनीता गोडबोले को सम्मान मिला है। बॉलीवुड के दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र समेत पांच को पद्म विभूषण दिया गया। इसके अलावा ▶▶|शेष पेज 5 पर

## छत्तीसगढ़ की सम्मानित हस्तियां

### बस्तर की 'बड़ी दीदी' बुधरी ताती



दंतेवाड़ा के हीरानार गांव में महिला उत्थान और समाज सेवा के लिए बुधरी ताती को पद्मश्री अवार्ड दिया जाएगा। 1984 से लगातार वनांचल क्षेत्र में नशामुक्ति, साक्षरता और ▶▶|शेष पेज 5 पर

### दुर्गम इलाकों में दे रहे सेवा




डॉ. रामचंद्र त्र्यंबक गोडबोले और उनकी पत्नी सुनीता गोडबोले को चिकित्सा के क्षेत्र में पद्मश्री अवार्ड दिया जाएगा। पति-पत्नी पिछले 37 वर्षों से अधिक समय से बस्तर और अबूझमाड़ जैसे दुर्गम आदिवासी इलाकों में मुफ्त चिकित्सा सेवा दे रहे हैं। बता दें कि डॉ. रामचंद्र त्र्यंबक गोडबोले ▶▶|शेष पेज 5 पर

### साय बोले- प्रदेश का नाम किया रोशन



छत्तीसगढ़ के लिए स्वर्णिम क्षण बस्तर की समाजसेविका, स्नेह और ममता की प्रतिमूर्ति 'बड़ी दीदी' के नाम से विख्यात श्रीमती बुधरी ताटी तथा जनजातीय अंचलों में निःस्वार्थ सेवा के जीवंत प्रतीक डॉ. रामचंद्र गोडबोले एवं सुनीता गोडबोले का पद्म श्री सम्मान के लिए चयनित ▶▶|शेष पेज 5 पर



### पद्म विभूषण

- धर्मेंद्र सिंह देओल (मरणोपरांत)– कला
- के. टी. थॉमस– पब्लिक लाइफ
- एन. राजम– कला
- पी. नारायणन– साहित्य, शिक्षा
- वी. एस. अच्युतानंदन (मरणोपरांत)– पब्लिक लाइफ

### पद्म भूषण

- अलका याग्निक
- भगत कोश्यारी
- कल्लीपट्टी पलानीस्वामी
- ममूटी
- डॉ. नोरी दत्तात्रेयुडु
- पीयूष पांडे (मरणोपरांत)
- एस के एम मैइलानंदन

▶▶|शेष पेज 5 पर

### पद्म श्री

- ए. ई. मुथुनायगम
- अनिल कुमार रस्तोगी
- अंके गौड़ा एम.
- आर्मिडा फर्नांडिस
- अरविंद वैद्य
- अशोक खाड़े
- अशोक कुमार सिंह

▶▶|शेष पेज 5 पर

# 10 अफसरों को सराहनीय, एएसआई को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गणतंत्र दिवस की 77वीं वर्षगांठ के अवसर पर पुलिस अफसरों को दिए जाने वाले प्रतिष्ठित पदकों की घोषणा कर दी गई है। इस वर्ष राज्य के 11 पुलिस अफसरों को उनके उत्कृष्ट और सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जा रहा है। राज्य के जिन पुलिस अफसरों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए मेडल देने की घोषणा की गई है, उनमें एएसआई पुलिस लाइन धमतरी के रामअवतार सिंह राजपूत को राष्ट्रपति ▶▶|शेष पेज 5 पर



रामअवतार सिंह राजपूत



रामगोपाल गर्ग



शशिमोहन सिंह



श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा



राजश्री मिश्रा



निवेदिता पाल



मनीषा ठाकुर रावटे



तारकेश्वर पटेल



उनैजा खातून अंसारी



जयलाल मरकाम



हजारी लाल साहू

### अनसुने नायकों को मिला सम्मान

# 'पीपुल्स पद्म' की भावना के साथ 45 विभूतियों को पद्मश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



पद्म पुरस्कार–2026 की घोषणा के साथ ही इस वर्ष एक बार फिर 'पीपुल्स पद्म' की भावना को केंद्र में रखा गया है। इस बार के पद्म पुरस्कार उन साधारण भारतीयों को समर्पित हैं, जिन्होंने असाधारण परिस्थितियों में असाधारण योगदान देकर समाज और राष्ट्र की सेवा की है। देश के कोने-कोने से आए ये 'अनसुने और अनूठे' नायक ▶▶|शेष पेज 5 पर

# ग्रुप कैप्टन शुभांशु को मिलेगा अशोक चक्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार

वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को सोमवार को भारत के सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार अशोक चक्र से सम्मानित करने की घोषणा की गई। शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले पहले भारतीय हैं।



### तीन जांबाजों को कीर्ति चक्र

मेजर अर्शदीप सिंह, नायब सूबेदार डोलेश्वर सुब्बा और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर को कीर्ति चक्र मिलेगा।

### 982 कर्मियों को वीरता व सेवा पदक

गणतंत्र दिवस 2026 के उपलक्ष्य में पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड एवं सिविल डिफेंस (तथा 'करेक्शनल सर्विसेज' (सुधारात्मक सेवा) के कुल 982 कर्मियों को वीरता और सेवा पदकों से सम्मानित किया गया है। बताया जाता है, इन सम्मानों में 125 वीरता पदक शामिल हैं।

# शहर की कैटेगरी के अनुसार तय होगा स्कूली जमीन का दायरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बदले गए सीबीएसई के 2018 के मान्यता संबंधित नियम

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने स्कूलों की मान्यता से जुड़े जमीन के नियमों में बड़ा फेरबदल किया है। अब नए नियमों के तहत, कई शहरों और इलाकों में कम जमीन होने पर भी सीबीएसई स्कूल खोलना मुमकिन होगा। बोर्ड ने अपने एफिलिएशन बाय-लॉज 2018 के पुराने नियमों (क्लॉज 3.3 से 3.7) को खत्म कर दिया है और उनकी जगह एक नया और आसान चार्ट पेश किया है। यह फैसला हाल ही में हुई गवर्निंग बॉडी की मीटिंग में लिया गया है। सीबीएसई ने अब लोकेशन के हिसाब से जमीन की जरूरतों को तीन कैटेगिरी में बांट दिया है।



पहली कैटेगिरी के अंतर्गत यदि प्रबंधन देश के किसी भी सामान्य इलाके में स्कूल खोलना चाहता है, तो सीनियर सेकेंडरी स्कूल (12वीं तक) के लिए अब 6000 वर्ग मीटर जमीन की जरूरत होगी। दूसरी कैटेगिरी में राजधानी और पहाड़ी इलाकों को रखा गया है। इसमें राज्य की राजधानियां, 'वाय' कैटेगिरी के शहर और पहाड़ी इलाके शामिल हैं। यहां 10वीं तक स्कूल खोलने के लिए 2400 वर्ग मीटर जमीन और 12वीं तक स्कूल खोलने के लिए 3200 वर्ग मीटर जमीन जरूरी होगी। तीसरी कैटेगिरी में मेट्रो शहर और खास राज्यों को रखा गया है। इसमें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई जैसे 'एक्स' कैटेगिरी के शहरों के साथ ही अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और अंडमान-निकोबार जैसे इलाकों को शामिल किया गया है। इस कैटेगरी के स्कूलों के लिए नियम और भी आसन किए गए हैं।

## अगले सप्ताह कटरा और श्रीनगर के बीच विशेष आरक्षित ट्रेनें

**जम्मू।** भारी बर्फबारी से सड़क और हवाई यात्रा प्रभावित होने के बाद उत्तरी रेलवे के जम्मू डिवीजन ने यात्रियों के लिए बेहतर सुविधा देने का फैसला लिया है. अगले हफ्ते एसएमवीडी कटरा से श्रीनगर के बीच विशेष आरक्षित ट्रेनें चलाने का फैसला लिया गया है. श्री माता वैष्णो देवी (एसएमवीडी) कटरा से श्रीनगर के बीच 27 और 28 जनवरी को विशेष आरक्षित ट्रेन चलाई जाएगी। जम्मू के डिविजनल रेलवे मैनेजर विवेक कुमार के निर्देश पर यह फैसला लिया गया. अधिकारियों ने बताया कि इन ट्रेनों की योजना यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है, क्योंकि 27 और 28 जनवरी को वंदे भारत ट्रेनें उपलब्ध नहीं होंगी। जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे, जो कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली एकमात्र ऑल-वेदर सड़क है, शुक्रवार को बनिहाल सेक्टर में भारी बर्फबारी के कारण 2 दिन बंद रहा. रविवार को इसे आंशिक रूप से खोला गया. वहीं, बर्फ से ढके कश्मीर में हवाई सेवाएं भी प्रभावित रहीं।

### विमानन कंपनी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' में दी जानकारी

# इंडिगो ने त्बिलिसी और अल्माटी की उड़ानें रद्द कीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

निजी विमानन कंपनी इंडिगो ने रविवार को कहा कि उसने ईरान में पैदा हुए हालात के मद्देनजर त्बिलिसी और अल्माटी के लिए अपनी सेवाएं रद्द कर दी हैं। उसने बताया कि सोमवार को कुछ उड़ानें ईंधन भरने के लिए दोहा में रुक सकती हैं। विमानन कंपनी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' को जारी पोस्ट में कहा कि 25 जनवरी को दिल्ली से त्बिलिसी (जॉर्जिया) और मुंबई से अल्माटी (कजाकिस्तान) और वापसी के लिए निर्धारित उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इंडिगो ने बताया कि ईरान के आसपास के हालिया घटनाक्रमों के मद्देनजर सुरक्षा पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने के तहत वह उड़ान समय-सारणी में कुछ बदलाव कर रही है। इसमें कहा गया है कि 26 जनवरी को त्बिलिसी (जॉर्जिया), अल्माटी (कजाकिस्तान), बाकू (अजरबैजान) और ताशकंद (उज्बेकिस्तान) से आने-जाने



वाली उड़ानें ईंधन भरने के लिए दोहा (कतर) में संक्षिप्त समय के लिए रुक सकती हैं। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ गया है, और आशंका है कि स्थिति सैन्य संघर्ष में तब्दील हो सकती है।

यात्रियों को दी गई जानकारी- एयर इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि ईरान में उभरती स्थिति और एयरस्पेस बंद होने के चलते यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए वैकल्पिक रूट अपनाए जा रहे हैं, जिससे कुछ उड़ानों में देरी हो सकती है। एयरलाइन ने कहा कि जिन उड़ानों के लिए फिलहाल री-रूटिंग संभव नहीं है, उन्हें रद्द किया जा रहा है और इस अप्रत्याशित व्यवधान के लिए यात्रियों से खेद जताया गया है।

### बढ़ सकती है एयरलाइंस की लागत

ईरानी एयरस्पेस बंद होने के कारण एयरलाइंस को लंबे वैकल्पिक मार्गों से उड़ान भरनी पड़ रही है, जिससे ईंधन की खपत बढ़ रही है और परिचालन लागत में इजाफा होने की आशंका है। पहले से ही पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र के बंद होने के कारण एयर इंडिया को पश्चिमी देशों की ओर जाने वाली कई उड़ानों के लिए लंबा रूट अपनाना पड़ रहा है। अक्टूबर 2024 में एयर इंडिया के CEO और एमडी कैंपबेल विल्सन ने बताया था कि पाकिस्तान एयरस्पेस बंद होने से एयरलाइन को लगभग 4,000 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

### वैकल्पिक रूट से संचालन में दिक्कत

एयर इंडिया आमतौर पर अमेरिका और यूरोप की उड़ानों के लिए ईरानी हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करती है। वैकल्पिक रूप से इराकी एयरस्पेस का उपयोग किया जा सकता है, लेकिन यह मार्ग लंबा होने के कारण कुछ अमेरिकी उड़ानों के लिए पर्याप्त ईंधन की समस्या पैदा करता है, जिससे उनका संचालन संभव नहीं हो पाता।






# आयुष्मान के 600 करोड़ बकाया, निजी अस्पतालों ने चेताया- 10 तक भुगतान नहीं किया तो इलाज बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर


प्रधानमंत्री जन आरोग्य एवं शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में निजी अस्पतालों का पांच महीने का लगभग 600 करोड़ का भुगतान अटक गया है। निजी अस्पतालों के डॉक्टर इस मामले को लेकर लामबंद हो गए हैं और 10 दिन में भुगतान नहीं होने पर इलाज बंद करने जैसा कदम उठाने की बात कह रहे हैं। छोटे अस्पतालों से बायोमेडिकल वेस्ट के नाम पर वसूले जाने वाले बड़े यूजर चार्ज पर भी नाराजगी जाहिर की गई है।

निजी अस्पताल के संचालन में राज्य में आने वाली कठिनाईयों पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और एएचपीआई की शनिवार और रविवार को दो अलग-अलग बैठकें हुईं, जिसमें इन तीन बड़ी समस्याओं को लेकर चर्चा गरम रही। निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि आयुष्मान योजना के भुगतान प्रक्रिया का अब तक सरलीकरण नहीं हुआ है। इस बार पिछले पांच महीने से अस्पतालों को भुगतान नहीं किया गया है और लंबित राशि 600 करोड़ तक पहुंच गई है। राशि नहीं मिलने की वजह से छोटे और मंझोले अस्पतालों के संचालन में काफी कठिनाई हो रही है। आईएमए हास्पिटल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र शुक्ला ने बताया कि शनिवार को शासकीय मेडिकल कॉलेज रायपुर में आईएमए के अध्यक्ष डॉ. अनूप वर्मा, बिल्डिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. कमलेश्वर अग्रवाल, रायपुर अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सोलंकी, सचिव डॉ. संजीव श्रीवास्तव की उपस्थिति में हुई बैठक में 10 दिन के भीतर पेंडिंग राशि का भुगतान किए जाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि नियत अवधि में अगर राशि नहीं मिलती है तो निजी हास्पिटल आयुष्मान योजना के हितग्राहियों का इलाज बंद कर सकते हैं। इसी तरह बायोमेडिकल वेस्ट के नाम पर छोटे और मध्यम स्तर के हास्पिटलों से भी हर महीने 15 से 20 हजार रुपए चार्ज वसूला जा रहा है, जो किसी भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान के लिए काफी ज्यादा है। आरोप है कि रायपुर, दुर्ग और भिलाई के अस्पतालों के बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण के लिए एक ही एजेंसी का एकाधिकार है, जिसके चलते एजेंसी मनमाना शुल्क वसूल रही है। एजेंसी द्वारा बायोमेडिकल वेस्ट का प्रतिदिन निस्तारण भी नहीं किया जा रहा है।

## छोटे अस्पतालों से बड़ा यूजर चार्ज, विसंगति पर डाक्टरों ने जताई नाराजगी

### आठ साल पुराना पैकेज, संशोधन अब तक नहीं

प्रदेश में विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए निजी हास्पिटल्स को वर्ष 2018 में निर्धारित दर के हिसाब से भुगतान किया जा रहा है। इसमें संशोधन की बातें कई बार की जा चुकी हैं, मगर अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। अस्पताल संचालन के लिए आवश्यक सभी चिकित्सकीय उपकरणों, दवाईयों एवं अन्य सामग्री की कीमतों तथा नर्सिंग एवं पैरामेडिकल जैसे मानव संसाधनों के वेतन आदि में भी भारी बढ़ोतरी हुई है। पदाधिकारियों के मुताबिक, महंगाई और वेतन सहित अन्य खर्चों में हुई वृद्धि के मद्देनजर आयुष्मान योजना की वर्तमान दरों पर उपचार संभव नहीं हो पा रहा है अतएव योजना के दरों में पुनर्निधारण की आवश्यकता है।




### एएचपीआई स्वास्थ्य मंत्री को सौंपेगा ज्ञापन

*एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया, हॉस्पिटल बोर्ड छत्तीसगढ़ की आपात बैठक रविवार को राजधानी में हुई। भुगतान सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा के आवश्यक कार्यवाही के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को ज्ञापन सौंपने का फैसला लिया गया। छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि आयुष्मान का भुगतान पारदर्शिता के साथ नहीं किया गया है, अधिकांश अस्पतालों को भुगतान दिए बगैर, ऑडिट ऑब्जेक्शन नेशनल हेल्थ अथॉरिटी को भेजा गया है। भुगतान प्रक्रिया में इस प्रकार की अपारदर्शी कार्यवाही से अस्पताल संचालकों में संशय होना स्वाभाविक है। इन दोनों बिंदुओं पर सकारात्मक सुनवाई नहीं हो पाई है।*

# अगस्त 2024 के पहले से आबादी जमीन पर काबिज अब बनेंगे पीएम आवास शहरी-2.0 के मालिक

**राज्य सरकार ने जारी किए दिशा निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में ऐसे सभी लोग जो आबादी भूमि पर मकान बनाकर वहां काबिज है, अब ये लोग प्रधानमंत्री अवास योजना शहरी 2.0 के मालिक बन सकेंगे। खास बात ये है कि इन लोगों के पास अगर भूमि पर काबिज होने के साक्ष्य होंगे तो संबंधित निकाय उन्हें पात्र हितग्राही के रूप में प्रमाणपत्र जारी कर योजना में शामिल करेगा। केंद्र सरकार की योजना पीएम आवास शहरी 2.0 में भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने योजना के लिए नई प्रक्रिया और दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह इसलिए किया जा रहा है, ताकि योजना को मिशन मोड में क्रियान्वित किया जा सके। केंद्र सरकार ने 1 सितंबर 2024 से पीएम आवास शहरी 2.0 योजना प्रारंभ की थी।

### काबिजों के लिए कट आफ डेट तय

पीएम आवास शहरी 2.0 के तहत पात्र हितग्राही वे होंगे, जो 31 अगस्त 2024 के पूर्व किसी भी प्रकार की आबादी, प्रचलित या सुरक्षित भूमि पर काबिज होने का साक्ष्य रखते हैं। इसमें भूमि का पट्टा, अस्थायी या कालातीत (एक्सपायर) बिजली बिल रसीद, संपत्तिकर रसीद, समेकित कर रसीद पेश कर सकेंगे। साथ ही उनके कब्जे वाली जमीन विवादमुक्त होनी चाहिए। इस स्थिति में पात्र हितग्राही प्रमाणपत्र के हकदार होंगे। इसी आधार पर उन्हें योजना में शामिल किया जा सकेगा।



### इस तरह मिलेगा प्रमाणपत्र

राज्य सरकार द्वारा निर्देश के मुताबिक, प्रमाण पत्र जारी करने के लिए ये प्रक्रिया अपनाई जाएगी। ऐसे हितग्राही जिने पास निजी, लगानी, भूमि का स्वामित्व या पट्टा प्राप्त है, एवं कालातीत नहीं हुआ है, को पात्र हितग्राही प्रमाणपत्र के लिए आवेदन देने की जरूरत भी नहीं होगी। उन्हें सीधे योजना में शामिल किया जाएगा। सरकार भी पात्र हितग्राहियों की तलाश के लिए शिविर लगवाएगी। जो लोग प्रचलित या आबादी भूमि पर 31 अगस्त 2024 के पूर्व से ही कच्चे मकान में रहते हैं और उसे पूर्व में जारी पट्टा कालातीत यानी एक्सपायर हो गया है या उसके पास कोई पट्टा नहीं है और वह पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के हितग्राही की श्रेणी में आता है तो उसे पात्र हितग्राही प्रमाणपत्र हासिल करने के लिए आवेदन और शपथ पत्र देना होगा। आवेदन निशुल्क होगा।

### इन्हें नहीं मिलेगा प्रमाणपत्र

सरकार ने ये भी साफ किया है कि इस योजना का लाभ किन्हें नहीं मिलेगा। इसमें तालाब पार, सड़क की सीमा में, हाईटेंशन लाइन से प्रभावित स्थलों पर तथा निकाय की योजना से प्रभावित भूमि पर स्थित कच्चे आवासधारी, पट्टाधारियों को लाभार्थी आधारित निर्माण बीएलसी घटक में शामिल किए जाने के लिए पात्र हितग्राही प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा, लेकिन ये लोग पीएम आवास शहरी 2.0 की भागीदारी में किफायत आवास (एएचपी) घटक में शामिल हो सकते हैं। यही नहीं, स्थल निरीक्षण के दौरान अगर ये पाया जाता है कि हितग्राही निर्मित कच्चे आवास का उपयोग नहीं करता है, मकान बंद है, टूटकर खंडहर हो गया है, तो ऐसे मामलों में पात्र हितग्राही प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाए। किसी ने आबादी जमीन पर मकान बनाकर किराए पर दिया है तो किसी भी हालत में प्रमाणपत्र देना प्रतिबंधित होगा। इसी तरह आबादी भूमि को छोड़कर अन्य भूमि पर काबिज हितग्राहियों को प्रमाणपत्र जारी करना प्रतिबंधित रहेगा।

### आय की अधिकतम सीमा 3 लाख

*हितग्राही पात्रता के लिए शर्तों में ये शामिल है कि हितग्राही परिवार पति एवं आश्रित बच्चे के समस्त स्रोत से वार्षिक आय 3 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। हितग्राही आबादी भूमि पर 31 अगस्त 2024 के पहले से निवासरत होना चाहिए। लाभार्थी पीएम आवास यू 2.0 के सभी घटकों में किसी एक घटक के तहत लाभ प्राप्त करने का पात्र होगा, लेकिन वे लाभार्थी जो पिछले 20 साल में केंद्र या राज्य शासन, नगरीय निकाय की किसी भी आवास योजना के तहत लाभ उठा चुके हैं, वे पीएमएवाई यू 2.0 के तहत अपात्र होंगे। इस संबंध में नगरीय निकाय द्वारा आवास की मांग का सत्यापन करते समय लाभार्थी से शपथ पत्र भी लेगा। पूर्ववर्ती योजनाओं यदि किसी पात्र लाभार्थी के माता-पिता को पक्का आवास दिया गया हो तो उनके आवेदन पर योजना प्रदान करने के पूर्व ऐसे पात्र परिवारों को, जिनके माता-पिता ने पिछली आवास योजनाओं का कोई लाभ नहीं लिया है, को पहले योजना का लाभ दिया जाएगा।*

# एक्ट्रेस पर हमले के आरोपी छालीवुड डायरेक्टर मोहित ने पीया फिनाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छालीवुड एक्ट्रेस पर प्राणघातक हमला करने के आरोपी छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्रीज के निर्माता-निर्देशक मोहित साहू ने गिरफ्तारी से बचने फिनाइल पी लिया। अस्पताल में उपचार कराने के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया है। बताया जा रहा है, मोहित साहू ने गिरफ्तारी के डर से फिनाइल पी लिया था। घटना के समय मोहित अपने घर में अकेले था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी तथा उसे उपचार कराने अस्पताल लेकर गए।

- पुलिस ने कहा- गिरफ्तारी से बचने की नौटंकी

मोहित के खिलाफ एक्ट्रेस शशि ने पुरानी बस्ती थाने में शनिवार को मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अपने खिलाफ एफआईआर दर्ज होने की जानकारी मिलने के बाद मोहित काफी तनाव में था। विवाहित होने के बाद भी मोहित ने उसे अपने साथ पिछले महीने उज्जैन ले जाकर एक मंदिर में गले में मंगलसूत्र डालकर शादी की। उज्जैन से लौटने के बाद शशि को मोहित घर के अंदर बंद करके रख दिया था। घर के अंदर बंद होने से परेशान शशि को मोहित उसकी दीदी से बात करते देख लिया। इसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़कर घर में रखी वस्तुओं से हमला कर बुरी तरह पिटाई की थी।

**पड़ोसियों की मदद से थाने पहुंची-** मारपीट से बुरी तरह से चोटिल शशि पड़ोसियों की मदद से उसी हालत में मोहित के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंची थीं। शिकायत दर्ज कराने के दौरान शशि बेहोश हो गई थीं। इसके बाद पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल से ठीक होकर आने के बाद शशि मोहित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचीं।







गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन

# राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा- संविधान हमारे गणराज्य का आधार-ग्रंथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली



गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये वर्तमान, भूत और भविष्य में देश की दशा और दिशा का अवलोकन करने का अवसर है। उन्होंने कहा, हमारा संविधान विश्व इतिहास में आज तक के सबसे बड़े गणराज्य का आधार ग्रंथ है। संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व के आदर्श हमारे गणतंत्र को परिभाषित करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा, भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। विश्व पटल पर अनिश्चितता के बावजूद भारत में निरंतर आर्थिक विकास हो रहा है।

हम निकट भविष्य में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा, आज देश की बहन-बेटियां रूढ़ियों को तोड़कर देश के विकास में सक्रिय योगदान दे रही हैं। विकसित भारत के निर्माण में नारी-शक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। उनके बढ़ते हुए योगदान से हमारा देश महिला-पुरुष समानता पर आधारित समावेशी गणतंत्र का उदाहरण प्रस्तुत करेगा। उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे राष्ट्रीय प्रयासों से अनेक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। नारी शक्ति अधिनियम से देश की महिलाएं और सशक्त होंगी।

### राष्ट्र निर्माण में हर क्षेत्र का योगदान

राष्ट्रपति ने कहा, आप सब हमारे जीवंत गणतंत्र को शक्तिशाली बना रहे हैं। हमारे तीनों सेना के जवान मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। पुलिस जवान और केंद्रीय बलों के जवान आंतरिक सुरक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। किसान देशवासियों के लिए फसल पैदा करते हैं। कर्मठ और प्रतिभाशाली महिलाएं नए कीर्तिमान स्थापित रही हैं। डॉक्टर देशवासियों के स्वास्थ्य की देखभाल करते हैं। प्रबुद्ध शिक्षक भावी पीढ़ियों का निर्माण करते हैं।

वर्ष 2026 की पहली मन की बात

# लोकतंत्र की आत्मा होता है मतदाता : पीएम मोदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इस साल के पहले अपने मन की बात रेडियो कार्यक्रम के जरिए देश को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 26 जनवरी को हम सभी गणतंत्र दिवस का पर्व मनाएंगे। इसी दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। आज 25 जनवरी का दिन भी बहुत अहम है। आज मतदाता दिवस है। मतदाता ही लोकतंत्र की आत्मा होता है। 26 जनवरी का ये दिन हमें अपने संविधान निर्माताओं को नमन करने का अवसर देता है। मोदी ने कहा कि आज मतदाता दिवस पर मैं अपने युवा साथियों से फिर आग्रह करूंगा कि वे 18 साल का होने पर वोटर के रूप में खुद को जरूर रजिस्टर करें।

पीएम मोदी ने कहा कि 10 साल पहले जनवरी 2016 में हमने एक एंबिशियर जर्नी की शुरुआत की थी, तब कुछ लोग ये समझ ही नहीं पाए थे कि आखिर ये है क्या।

उन्होंने कहा कि मैं जिस जर्नी की बात कर रहा हूं वह है स्टार्टअप इंडिया की जर्नी। इस अद्भुत जर्नी के हीरो हमारे युवा साथी हैं। अपनी कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर उन्होंने जो इनोवेशन किए हैं वे इतिहास में दर्ज हो रहे हैं।


### मतदाता बनने को किया जाए सेलिब्रेट

पीएम मोदी ने कहा कि आमतौर पर जब कोई 18 साल का हो जाता है, तो मतदाता बन जाता है। उसे जीवन का एक सामान्य पड़ाव समझा जाता है. लेकिन दरअसल, ये अवसर किसी भी भारतीय के जीवन का बहुत बड़ा अवसर होता है, इसलिए जरूरी है कि हम देश में वोटर बनने का उत्सव मनाएं, जैसे हम जन्मदिन पर उत्सव मनाते हैं।

# एल्युमीनियम कैन पर बीआईएस मानदंडों की समयसीमा बढ़ी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण और पेय पदार्थ उद्योग में उपयोग किए जाने वाले एल्युमीनियम कैन के लिए अनिवार्य गुणवत्ता नियंत्रण मानदंडों (क्यूसीओ) को लागू करने की समयसीमा बढ़ा दी है। इस कदम से कोला बनाने वाली कंपनियों से लेकर बीयर निर्माताओं तक, सभी अल्कोहल युक्त और गैर-अल्कोहल पेय निर्माताओं को बड़ी राहत मिली है। पेय पदार्थ निर्माताओं ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि समयसीमा बढ़ने से गर्मियों के दौरान बढ़ने वाली मांग को पूरा करने और आपूर्ति के अंतर को पाटने में मदद मिलेगी।



### सूक्ष्म उद्यमों के लिए अप्रैल 2027 से होगा लागू

कुकवेयर, बर्तन और खाद्य-पेय पदार्थ कैन (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2026' को अब बड़े उद्योगों के लिए अक्टूबर 2026 से, छोटी इकाइयों के लिए जनवरी 2027 से और सूक्ष्म उद्यमों के लिए अप्रैल 2027 से लागू किया जाएगा।

### मानक चिन्ह प्राप्त करना होगा

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा 15 जनवरी को जारी आदेश के अनुसार, इन वस्तुओं को संबंधित भारतीय मानकों के अनुरूप होना चाहिए और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) से लाइसेंस के तहत 'मानक चिह्न' प्राप्त करना होगा। यह विस्तार उन खाद्य कंपनियों के लिए भी फायदेमंद होने की संभावना है जो प्रीमियम खाद्य पदार्थों के लिए इसी तरह की कैन पैकेजिंग का उपयोग करती हैं।




इंटरनेशनल चुनाव प्रबंधन सम्मेलन में 'दिल्ली घोषणापत्र' मंजूर

# भारत की तरह 60 देश भी अपनाएंगे एसआईआर प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** भारत में आयोजित तीन दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट 2026 का समापन दिल्ली घोषणापत्र 2026 को अपनाने के साथ हुआ। इस सम्मेलन में 60 से अधिक लोकतांत्रिक देशों ने मतदाता सूची सुधार के लिए भारत की एसआईआर प्रक्रिया को अपनाने पर सहमति जताई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इस प्रक्रिया को मतदाता सूची शुद्धि का व्यावहारिक तरीका बताया। सम्मेलन में वैश्विक चुनाव प्रबंधन को मजबूत करने के लिए तकनीकी सहयोग, ट्रेनिंग और पारदर्शिता पर भी जोर दिया गया। इस बड़े आयोजन में 27 देशों के मिशन प्रमुखों सहित लगभग 1,000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. अब सभी देशों ने प्रगति की समीक्षा करने के लिए दिसंबर 2026 में दोबारा नई दिल्ली में बैठक करने का प्रस्ताव रखा है।



### एकीकृत डिजिटल प्लेटफार्म का शुभारंभ

इसी कार्यक्रम में एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म 'ईसीआईनेट' का भी शुभारंभ किया गया। निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने कहा कि ये प्लेटफॉर्म तकनीक पर विश्वास बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। भारतीय अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन संस्थान के माध्यम से अन्य देशों के चुनाव अधिकारियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके तहत वे चुनाव प्रक्रिया संचालन में पारदर्शी प्रथाओं का आदान-प्रदान करेंगे।

## डीसीसीडीएल की किराया आय 18 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** रियल्टी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डीएलएफ और जीआईसी के संयुक्त उद्यम डीसीसीडीएल की किराया आय दिसंबर तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़कर 1,412 करोड़ रुपये रही। कार्यालय और खुदरा स्थल की मजबूत मांग के कारण यह वृद्धि दर्ज की गई है। डीएलएफ की ताजा निवेशक प्रस्तुति के अनुसार, ''डीएलएफ साइबर सिटी डेवलपर्स लिमिटेड (डीसीसीडीएल) की किराया आय पिछले साल इसी अवधि में 1,193 करोड़ रुपये थी। डीएलएफ की डीसीसीडीएल में लगभग 67 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि शेष इक्विटी हिस्सेदारी सिंगापुर के सॉवरेन वेल्थ फंड जीआईसी के पास है।'' इस समय डीसीसीडीएल के पास कुल 4.43 करोड़ वर्ग फुट का परिचालन पोर्टफोलियो है, जिसमें प्रमुख कार्यालय और खुदरा स्थल शामिल हैं।

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

# लालू ने तेजस्वी यादव को सौंपी राजद की कमान

**पटना।** बिहार विधानसभा में प्रमुख विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस बैठक में आरजेडी चीफ लालू प्रसाद ने पार्टी की कमान अपने बेटे तेजस्वी यादव को सौंप दी। बैठक में देश के मौजूदा हालात और पार्टी की प्लानिंग को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक में 20 से अधिक राज्य अध्यक्ष और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य, विधायक, एमएलसी और सांसद शामिल हुए। बता दें कि विधानसभा चुनाव के बाद आरजेडी की यह पहली बैठक है। इस बैठक में तेजस्वी यादव राज्य विधानसभा चुनावों में आरजेडी के खराब प्रदर्शन पर एक रिपोर्ट के आधार पर करीब 300 पार्टी नेताओं और वर्करों के खिलाफ कार्रवाई भी ले सकते हैं। सियासी गलियारों में चर्चा है कि तेजस्वी यादव को यह जिम्मेदारी संगठन को मजबूत करने, राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने और पार्टी की रणनीति को मजबूत करने के उद्देश्य से दी गई।



### कठपुतली बने शहजादा' की ताजपोशी मुबारक- रोहिणी

इसी बीच, लालू यादव की बेटी और तेजस्वी की बहन रोहिणी आचार्य ने तंज कसते हुए एक्स पोस्ट में लिखा, सियासत के शिखर- पुरुष की गौरवशाली पारी का एक तरह से पटाक्षेप, ठकुरसुहाती करने वालों और 'गिरोह-ए-घुसपैठ' को उनके हाथों की 'कठपुतली बने शहजादा' की ताजपोशी मुबारक। इससे पहले, रोहिणी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि घुसपैठियों ने पार्टी की कमान थाम ली है और लालू यादव की विरासत तबाह हो रही है।

# आरबीआई बैंकों में दो लाख करोड़ रुपए से अधिक की नकदी डालेगा

एजेंसी ▸▸| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि वह कई माध्यमों से बैंकिंग प्रणाली में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की नकदी डालेगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, 'मौजूदा नकदी और वित्तीय स्थितियों की समीक्षा के बाद रिजर्व बैंक ने बैंकिंग प्रणाली में नकदी डालने का निर्णय लिया है।' इन उपायों में 30 जनवरी, 2026 को आयोजित की जाने वाली 25,000 करोड़ रुपये की राशि के लिए 90 दिवसीय वेरिएबल रेट रेपो (वीआरआर) नीलामी और चार फरवरी, 2026 को आयोजित होने वाली तीन साल की अवधि के लिए 10 अरब डॉलर यानी 91,000 करोड़ रुपये की ''अमेरिकी डॉलर / भारतीय रुपया खरीद-बिक्री अदला-बदली नीलामी शामिल है।



■ केंद्रीय बैंक सरकार बांड की खरीदी भी करेगा

### 5 व 12 फरवरी को बांड खरीदे जाएंगे

बयान के अनुसार केंद्रीय बैंक खुले बाजार के परिचालन (ओएमओ) मार्ग के तहत कुल एक लाख करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड खरीद भी करेगा। बयान के मुताबिक इसके तहत पांच फरवरी और 12 फरवरी को 50-50 हजार करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे जाएंगे। केंद्रीय बैंक ने कहा कि प्रत्येक उपाय के लिए विस्तृत निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे।



चिंतन

# संविधान, संप्रभुता, लोकतांत्रिक शक्ति का उत्सव है गणतंत्र दिवस

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में 26 जनवरी वह स्वर्णिम दिन है, जब देश ने औपनिवेशिक अतीत से पूरी तरह बाहर निकलकर स्वयं को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया। वर्ष 2026 में भारत अपना 77वां गणतंत्र दिवस पूरे गौरव और भव्यता के साथ मना रहा है, जो न केवल संविधान की दीर्घायु का उत्सव है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता और निरंतर सुदृढ़ होती संस्थाओं का भी प्रमाण है। यह दिन केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाता है जब 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ और देश ने स्वयं को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। यह संविधान ही भारत की आत्मा है, जिसने विविधताओं से भरे इस विशाल देश को एकता के सूत्र में बांधे रखा। गणतंत्र दिवस भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं, नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सत्ता का वास्तविक स्रोत जनता है और शासन संविधान के दायरे में रहकर ही चलाया जाना चाहिए। इस वर्ष का गणतंत्र दिवस समारोह और भी विशेष है क्योंकि भारत न केवल आंतरिक रूप से मजबूत लोकतंत्र के रूप में उभरा है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी उसकी भूमिका लगातार सशक्त होती जा रही है। गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि को आमंत्रित करने की परंपरा भी भारत की अंतरराष्ट्रीय सोच और कूटनीतिक दृष्टि को दर्शाती है। यह परंपरा उतनी ही पुरानी है, जितना गणतंत्र स्वयं है। 1950 में, जब पहली बार गणतंत्र दिवस मनाया गया, तब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो भारत के पहले मुख्य अतिथि थे। यह स्पष्ट संकेत था कि भारत अपनी आज़ादी को केवल घरेलू उत्सव नहीं, बल्कि वैश्विक सहयोग और मित्रता के अवसर के रूप में देखता है। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि पहली गणतंत्र दिवस परेड कर्तव्य पथ (तत्कालीन राजपथ) पर नहीं, बल्कि इरविन स्टेडियम में आयोजित हुई थी, जिसे आज नेशनल स्टेडियम के नाम से जाना जाता है। वर्ष 1955 में परेड को राजपथ स्थानांतरित किया गया, जिसे आज कर्तव्य पथ कहा जाता है। 77वें गणतंत्र दिवस पर भारत एक बार फिर अपने उन सच्चे नायकों को सम्मानित कर रहा है, जो देश की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर परिस्थिति में डटे रहते हैं। इस वर्ष 982 पुलिस, फायर ब्रिगेड, होम गार्ड, सिविल डिफेंस और करेक्शनल सर्विस से जुड़े कर्मियों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह संख्या अपने आप में बताती है कि राष्ट्र अपने रक्षकों के योगदान को कितनी गंभीरता से स्वीकार करता है। इसके अतिरिक्त, नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से जुड़े 35 कर्मियों और पूर्वोत्तर भारत में तैनात 5 कर्मियों को भी वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया जा रहा है। यह दिखाता है कि देश के हर कोने में तैनात सुरक्षाबल समान साहस और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। कुल मिलाकर, इस बार का गणतंत्र दिवस भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं, संवैधानिक मूल्यों और सुरक्षा बलों की वीरता का भव्य संगम है। यह दिन हमें गर्व करने का अवसर देता है, साथ ही यह जिम्मेदारी भी याद दिलाता है कि एक नागरिक के रूप में हम संविधान, राष्ट्र और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाएं। गणतंत्र दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन और राष्ट्रनिर्माण का प्रेरक अवसर है।

गर्व

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी



## भारत गणतंत्र तुम्हारी जय हो!

हम भारत के लोग 26 जनवरी 2026 की सुबह अपने 77वें गणतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। यह समय हमें आंकलन करने की अपेक्षा करता है कि इतने दीर्घावधि वाले भारत गणतंत्र का 'जन-गन-मन' आज किन अनुभूतियों के साथ जी रहा है। यह देश का सौभाग्य है कि हमारे पास सबसे बड़ी युवा आबादी है। इस देश की महिलाएं विगत 77 वर्षों में पितृसत्तात्मक व्यवस्थाओं से लड़कर मुख्यधारा में सम्मिलित हो चुकी हैं। पहले की अपेक्षा बाल शिशु मृत्यु दर कम हुई है। कौशलयुक्त शिक्षा व्यवस्था अपना आकार ले चुकी है और स्टार्टअप के माध्यम से अनेक युवा अपने रोजगार सृजित कर दूसरों को रोजगार देने में सक्षम हुए हैं। यह इस देश की और भारतीय गणतंत्र की खूबसूरती है कि सामाजिक न्याय पहले की अपेक्षा अब ज्यादा दिखने लगा है। एलजीबीटीक्यू ग्रुप, वृद्धजन, दिव्यांगजन, अल्पसंख्यक, आदिवासी लोग और घुमंतू जातियों के लोगों में आत्मसम्मान बढ़ा है। जागरूकता बढ़ी है। शिक्षा का स्तर बढ़ा है। मानव विकास के सूचकांकों में वृद्धि हुई है। जीवन स्तर ऊंचा हुआ है। अब किसान की आय में वृद्धि हुई है। हमारे आयत-निर्यात और वह्स्विक स्तर पर राजनयिक संबंधों में कभी असहजता जो बढ़ रही थी, उसमें अब सुगमता से डिप्लोमेटिक लेवल पर पॉलिसीज तैयार हुई है। देश ने द्विपक्षीय संबंधों और बहुपक्षीय संबंधों में विश्वास को जीता है और बहुत से देशों के साथ मधुर संबंध स्थापित हुए हैं। भारतीय संविधान की यह ताकत है कि भारत गणतंत्र इतना सशक्त व समृद्ध तरीके से अपने 77 वर्ष का समय पूर्ण करके कई नई पहल करने के लिए सक्षम बन सका है। देश में विशेष सन्देश सबके मन के भीतर है कि हम भारतीय गणतांत्रिक व्यवस्था के साथ जीकर 2047 तक विकसित भारतीय गणतंत्र की ओर अग्रसर हों और हमारे भारतीय नागरिकों में स्वबोध, गौरवबोध की स्थापना हो। हमारे देश के महान स्वाधीनता सेनानियों, संविधान निर्माताओं और भारत के निर्माणकर्ताओं को इस पावन अवसर पर हमें स्मरण करना है। उन स्त्रियों को स्मरण करना है जिन्होंने उन दिनों गांधी, सुभाष, पटेल, सी. राजगोपालाचारी, राजेंद्र प्रसाद, नेहरू आदि के साथ भारतीय अस्मिता के लिए संघर्ष किया और भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, बिस्मिल, चंद्रशेखर आज़ाद जैसे त्यागी, आत्मबलिदानी व साहसी लोगों के प्राणों के आहुति से प्रेरित होकर देश की स्वाधीनता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हममें से अधिकांश लोग अजीजन बाई के बारे में नहीं जानते, जो 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की बहादुर नायिका थीं। पेशे से नर्तकी-तवायफ होने के बावजूद उन्होंने देशभक्ति में जीवन लगा दिया। उन्होंने लगभग 400 महिलाओं का गुप्त समूह, जो अंग्रेज़ों से जानकारी जुटाता और क्रांतिकारियों तक पहुंचाता। इसके अलावा वे हथियार चलाने और सैनिकों की मदद में भी माहिर थीं। विद्रोह के दौरान उन्हें ब्रिटिशों ने पकड़ लिया। उन्होंने अपने साथियों का राज़ नहीं खोला और शर्तें अस्वीकार की। जनरल हैवलॉक ने उन्हें तोप से उड़ा दिया। उनके इस साहस और योगदान के कारण नानासाहेब ने उन्हें बहन समान सम्मान दिया था। उनका साहस आज भी महिलाओं की वीरता और स्वतंत्रता प्रेम की मिसाल है। ऐसी वीरांगनाओं को इस गणतंत्र पर हमें स्मरण करना है। हमारी आने वाली पीढ़ी की मांग के मुताबिक उनके सपनों के हिसाब का भारत बनाना ज़रूरी होगा लेकिन यह फिक्र तभी कम होगी, जब हमारी इच्छाशक्ति, विजन-प्लान व लीडरशिप सशक्त, पारदर्शी व गंभीर पहल करेगी। वास्तव में मुख्यधारा से लेकर हाशिये के समाज तक योजनाओं का पूर्णतया नियोजन व प्रतिभागिता व लाभार्थी बनाने की चेष्टा होगी। इस गणतंत्र पर हम अपने पड़ोसियों के दुःख-सुख में सहभागी होने की शपथ लें। सरकार अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए तत्पर हो और वैश्विक स्तर पर ख्याति व उपलब्धियों के शानदार प्रदर्शन के लिए हर भारतीय मन तैयार हो तो देश अपने गणतंत्र की जयघोष खुद करने या प्रचारित करने के लिए नहीं सोचेगा अपितु पूरी दुनिया भारतीय गणतंत्र की जय-जयकार करेगी। सबसे अच्छी बात यह है कि भारत निराश नहीं है। भारत निरंतर अपने विकास के कीर्तिमान स्थापित भी कर रहा है। स्पेस, टेक्नोलॉजी, डिजिटल क्रांति के लिए भारत को संपूर्ण विश्व में सम्मान प्राप्त है। अब तक की भारतीय संवैधानिक यात्रा दुनिया के अनेक देशों की लोकतांत्रिक व्यवस्था में उत्तम मानी जा रही है, इसलिए आज आशावादी देश भारत अपने देश के गणतांत्रिक मूल्यों के साथ हिमालय सा मस्तक ऊंचाकर आगे बढ़ने को तैयार है। देश के नागरिकों को अपने कर्त्तव्य का वैयक्तिक व सामूहिक स्तर ज्यादा समझने की आवश्यकता है। हम सब कामना करें कि इस 77वें गणतंत्र पर भारत गणतंत्र तुम्हारी जय हो! यह देश निर्भय हो। इस भावना के साथ ही हम अपने गणतांत्रिक स्वबोध को भी बचा सकेंगे।

(लेखक पंजाब विवि में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चौधरी मित्रसेन आर्य : वेद, पुरुषार्थ और संस्कार से गढ़ा जीवन

|| इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनकी स्मृति केवल अतीत नहीं होती, बल्कि वर्तमान के दर्शन और भविष्य को दिशा देने का कार्य करती हैं। इतिहास कुछ लोगों को जन्म देता है और कुछ लोग इतिहास को दिशा देते हैं। चौधरी मित्रसेन आर्य जी ऐसे ही व्यक्तित्व हैं। 27 जनवरी 2011 को उन्होंने 79 वर्ष की आयु में भौतिक शरीर का परित्याग किया, किंतु वेद जिस कीर्तिमय शरीर की बात करते हैं वह आज भी जीवित है, प्रेरक है। चौधरी मित्रसेन जी की पुण्यतिथि केवल एक तिथि नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर है। आज, उनकी पुण्यतिथि पर यह कहना उचित होगा कि चौधरी मित्रसेन जी हमारे बीच शरीर से अनुपस्थित हैं, परंतु विचारों से हर जगह उपस्थित हैं। ||

**न जायते म्रियते वा कदाचित् (भगवद्गीता)**
अर्थात आत्मा न जन्म लेती है, न मरती है।

यह श्लोक केवल आध्यात्मिक सत्य नहीं, बल्कि चौधरी मित्रसेन जी के जीवन का यथार्थ है। उनका शरीर भले ही नश्वर था, पर उनका कर्म, उनका विचार और उनका पुरुषार्थ अमर है। इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनकी स्मृति केवल अतीत नहीं होती, बल्कि वर्तमान के दर्शन और भविष्य को दिशा देने का कार्य करती है। इतिहास कुछ लोगों को जन्म देता है और कुछ लोग इतिहास को दिशा देते हैं। चौधरी मित्रसेन आर्य जी ऐसे ही व्यक्तित्व हैं। भले ही 27 जनवरी 2011 को उन्होंने 79 वर्ष की आयु में भौतिक शरीर का परित्याग किया, किंतु वेद जिस कीर्तिमय शरीर की बात करते हैं, वह आज भी जीवित है, प्रेरक है। चौधरी मित्रसेन जी की पुण्यतिथि केवल एक तिथि नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर है। आज, उनकी पुण्यतिथि पर यह कहना उचित होगा कि चौधरी साहब हमारे बीच शरीर से अनुपस्थित हैं, परंतु विचारों से हर जगह उपस्थित हैं। 15 दिसंबर 1931 को हिसार जिले के खांडाखेड़ी गांव में जन्मा यह बालक उस कालखंड की उपज था, जब देश स्वतंत्रता की पीड़ा और स्वप्न दोनों को एक साथ जी रहा था। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत के बाद देश की आत्मा जाग चुकी थी। गांव-गांव, घर-घर स्वतंत्रता का स्वर गूंज रहा था। ऐसे वातावरण में जन्मे मित्रसेन जी को देशभक्ति विरासत में मिली। उनके पिता चौधरी शीशराम किसान होने के साथ-साथ आर्य समाज की विचारधारा के संवाहक थे। महर्षि दयानंद सरस्वती के 'विचार, आर्य समाज की मर्यादाएं व राष्ट्रप्रेम' इन तीनों का गहरा संस्कार बालक मित्रसेन के व्यक्तित्व में आरंभ से ही रच-बस गया।

### विपत्ति ने छीना बचपन, पर नहीं छीन सकी संकल्प

जीवन ने बहुत जल्दी मित्रसेन की परीक्षा ले ली। मात्र दस वर्ष की आयु में पिता की आंखों की रोशनी चली गई। इसके बाद परिवार से चाचाओं की छत्रछाया भी उठ गई। यह ऐसा समय था जब अधिकांश बच्चे खेल रहे होते थे, लेकिन मित्रसेन जी को इस उम्र में खेत संभालने पड़े। यहां से शुरू होती है वह कहानी, जो बताती है कि संकट यदि इच्छाशक्ति से टकराए, तो इतिहास बनता है। कम उम्र में ही मित्रसेन जी यह समझ चुके थे कि केवल परंपरागत खेती पर निर्भर रहकर भविष्य सुरक्षित नहीं किया जा सकता। इसे देखते हुए उन्होंने संकल्प लिया और तकनीकी ज्ञान को अपनाया। उन्होंने रोहतक में लेथ और इंजन बोरिंग मशीन का काम सीखा। ये उनकी दूरदर्शिता ही थी कि एटलस साइकिल, सोनीपत से लेकर रोहतक बिजलीघर और उदयपुर के कारखानों तक, हर जगह उन्होंने केवल नौकरी नहीं की, बल्कि अनुभव संजोया। 1955 में जब रोहतक में उन्होंने अपना लेथ एंड इंजन बोरिंग मशीन का कारखाना स्थापित किया, तब यह केवल एक उद्योग नहीं था, बल्कि यह आत्मनिर्भरता की घोषणा थी।



चौधरी मित्रसेन आर्य जी

**जन्म :** 15 दिसंबर 1931, खांडाखेड़ी (हिसार)
**प्रेरणा स्रोत :** वेद, महर्षि दयानंद सरस्वती
**पहचान :** समाजसेवी, वेदानुगामी व उद्योगपति
**विशेष योगदान:** आदिवासी-वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा व संस्कार का रोपण, वैदिक साहित्य प्रकाशन
**निर्वाण :** 27 जनवरी 2011

### राष्ट्रप्रेम: हिंदी सत्याग्रह में जेल गए

आमतौर पर देखा जाता है कि जैसे-जैसे उद्योग बढ़ता है, सामाजिक सरोकार घटते जाते हैं। लेकिन चौधरी मित्रसेन इस प्रवृत्ति के अपवाद थे। एक ओर उनका औद्योगिक विस्तार उड़ीसा के बड़विल से होते हुए देश-विदेश तक पहुंचा, तो दूसरी ओर वे समाजसेवा में भी उतने ही सक्रिय रहे। 1957 के हिंदी सत्याग्रह में वे जेल गए जो यह दर्शाता है कि उनके लिए राष्ट्रप्रेम केवल भाषण नहीं, व्यवहार था।

### परिवार में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों का समन्वय

चौधरी मित्रसेन का जीवन इस मिथक को तोड़ता है कि उद्योग और आध्यात्म साथ नहीं चल सकते। उनके परिवार में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों का समन्वय दिखता है। पंच महायज्ञ, ईश्वर उपासना, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना यह सब आज भी उनके परिवार की पहचान है। चौधरी मित्रसेन जी ने आर्य मर्यादाओं के अनुरूप अपने गृहस्थ आश्रम का निर्वाह किया। उन्होंने अपने घर में जिन मर्यादाओं और संस्कारों की प्रतिष्ठा की, वे आज भी उनके परिवार की जीवनशैली में जीवंत रूप से विद्यमान हैं। उनका घर केवल निवास स्थान नहीं, बल्कि एक जीवंत इतिहास है जहां आर्यावर्त की गौरवगाथा दीवारों पर अंकित है।

### समाजहित जीवन का उद्देश्य

**"कृण्वन्तो विश्वमार्यम् ।"(ऋग्वेद)**
*अर्थात-संपूर्ण विश्व को श्रेष्ठ और उदात्त बनाना ही मानव का कर्तव्य है।*

चौधरी मित्रसेन जी का जीवन इस वैदिक भाव का सजीव उदाहरण था। उन्होंने समाजहित को अपने जीवन का उद्देश्य मानते हुए समय, पुरुषार्थ और धन तीनों का समर्पण निरंतर भाव से किया। उनके चिंतन और आचरण में बुद्धिमत्ता, पुरुषार्थ, साहस तथा उदारता का ऐसा समन्वय दृष्टिगोचर होता है, जिसने समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अनुकरणीय मानदंड स्थापित किए। यद्यपि चौधरी मित्रसेन जी की नश्वर देह को इस संसार से विदा हुए 15 वर्ष बीत हो चुके हैं, किंतु उनके द्वारा स्थापित औद्योगिक उपक्रम, शिक्षण संस्थान, गुरुकुल तथा विविध सामाजिक न्यास आज भी सक्रिय हैं और यह अहसास करवाते हैं कि चौधरी साहब हमारे आसपास ही हैं। वे अपने कीर्तिमय जीवन से सतत मार्गदर्शन करते हैं। उनके विचार आज भी इन अमृतवचनों के रूप में समाज को दिशा देते हैं कि सफलता का मूलमंत्र आस्तिक भाव से ईश्वरीय सत्ता को स्वीकार करते हुए, नेक इरादों और हंसते-हंसते पुरुषार्थ करना है।

### शिक्षा संस्थान और उद्योग

चौधरी मित्रसेन द्वारा अनेक गुरुकुल विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों की स्थापना की गई। शिक्षा को समाज निर्माण का आधार मानते हुए उन्होंने इन संस्थानों के माध्यम से संस्कारयुक्त और आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा दिया। वर्तमान में चौधरी मित्रसेन का व्यावसायिक साम्राज्य देश के विभिन्न राज्यों में फैला हुआ है। उनके द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में विविध प्रकार के व्यवसाय संचालित किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड में कोल वॉशरी, खनिज खनन तथा ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में उनका प्रभावशाली कार्य है। इसके साथ-साथ थर्मल पावर प्लांट व अन्य उद्योग भी प्रारंभ होकर सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। वित्तीय क्षेत्र में भी उनके व्यवसाय सक्रिय हैं। होटल व्यवसाय और वित्तीय कंपनियों के अतिरिक्त मीडिया क्षेत्र में भी उन्होंने अपनी मजबूत पहचान स्थापित की है। उनके द्वारा लगाया गया पौधा दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र हरियाणा, दिल्ली और छत्तीसगढ़ के बाद अब मध्य प्रदेश में भी अपनी विशेष पहचान बना चुका है। हरिभूमि देश के दस सर्वाधिक पाठक संख्या वाले हिंदी दैनिक समाचार पत्रों में सम्मिलित रहा है।

### परममित्र मानव निर्माण संस्थान के माध्यम से समाजसेवा की मिसाल


पिछले कई वर्षों से चौधरी मित्रसेन ने अपना जीवन समाजसेवा को समर्पित करते हुए परममित्र मानव निर्माण संस्थान के माध्यम से मानव कल्याण का एक सशक्त अभियान खड़ा किया है। उनका मानना है कि सच्ची सेवा वही है, जो समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इसी सोच के साथ यह संस्थान वंचित, गरीब और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। परममित्र मानव निर्माण संस्थान के जरिए न केवल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता और मानवीय मूल्यों के संरक्षण जैसे क्षेत्रों में भी सक्रिय योगदान दिया जा रहा है। समाजसेवा में जुटे विभिन्न संगठनों और संस्थानों को आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और सहयोग देकर उनकी कार्यक्षमता को मजबूत किया जा रहा है, ताकि समाज में सकारात्मक और स्थायी बदलाव लाया जा सके। चौधरी मित्रसेन के नेतृत्व में परममित्र मानव निर्माण संस्थान आज केवल एक संस्था नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक बन चुका है। यह संस्थान समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा है कि यदि संकल्प मजबूत हो, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना संभव है।

### मित्र स्मृति स्तंभ सांस्कृतिक धरोहर

**"यं पूर्वे ऋषयो विदुः।"(ऋग्वेद)**
*अर्थात—जिस पथ पर पूर्वज ऋषि चले, वही लोकमंगल का मार्ग है।*

प्रायः यह देखा जाता है कि जहां लक्ष्मी का निवास होता है, वहां सरस्वती का अभाव रहता है, किंतु चौधरी मित्रसेन जी के परिवार में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों का समन्वित वास है। यह उनकी और उनके परिवार की सारस्वत अभिरुचि का ही परिणाम है कि उनके आश्रम तुल्य गृह की चारदीवारी पर सृष्टि के प्रारंभ से लेकर आज तक के आर्यावर्त के इतिहास की गौरवमयी झलकियां अंकित हैं, जो सभी को रोमांच और आत्मगौरव से भर देती हैं। खांडाखेड़ी गांव में बनाए गए मित्र स्मृति स्तंभ में प्रदर्शित ऐतिहासिक और सांस्कृतिक झलकियां यह स्पष्ट करती हैं कि उनका परिवार न केवल उनकी आर्थिक विरासत का, बल्कि सामाजिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का भी पूर्ण निष्ठा से संरक्षण कर रहा है।

## अचला सप्तमी



*श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी के दिगंबर कुशल भारती महाराज ने रविवार को प्रयागराज के बाघंबरी मठ में अचला सप्तमी के अवसर पर एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया।*

## आज की पाती

### मारपीट-हत्याओं के बढ़ते मामले

देश में मारपीट और हत्या के मामलों में इजाफा हो रहा है। ऐसे ही मामले काफी समय से राजधानी रायपुर व प्रदेश के कई ग्रामीण इलाकों में बढ़े हैं। इन मामलों के बढ़ने का सबसे बड़ा कारण लोगों का सहनशीलता लेवल कम होना है। जहां भी हमारा आपा खो जाता है, वहां हम मारपीट में फंस जाते हैं। मारपीट और हत्या के मामलों से बचने के लिए एक ही चारा है कि हमें कोई भी विवाद हो, उसे बातचीत से सुलझा देना चाहिए। वहीं एक सुझाव यह भी है कि महिलाओं को समाज में सशक्त होना चाहिए, ताकि कोई भी विवाद हो वह उसे अच्छे से सुलझा लें। महिलाएं सशक्त होंगी तो बहुत सारे विवाद जो घर से बाहर निकलते हैं, वे सुलझ सकते हैं।

*-रमेश यदु, भाटापारा*

## करंट अफेयर


### क्लाइम्बर एलेक्स बिना रस्सी ताइपे 101 पर चढ़े

अमेरिकी रॉक क्लाइम्बर एलेक्स होनोल्ड ने रविवार को बिना किसी रस्सी या सुरक्षा उपकरण के गगनचुंबी इमारत 'ताइपे 101' पर चढ़ाई की। एलेक्स ने रविवार को सुबह जब 508 मीटर (1,667 फुट) ऊंची इस इमारत पर चढ़ना शुरू किया, तो वहां जमा भीड़ ने खुशी से तालियां बजाईं। उन्होंने धातु की बीमों का सहारा लेकर सिर्फ हाथों के जरिये चढ़ाई की। जब वह एक जगह रुके और पीछे मुड़कर दर्शकों की ओर देखने लगे, तो वहां खड़े लोगों ने फिर से उनका उत्साहवर्धन करने के लिए नारे लगाये। उनकी लाल रंग की छोटी बाजू की शर्ट चढ़ाई के दौरान सबसे अलग दिख रही थी। ताइवान की राजधानी स्थित इस प्रतिष्ठित इमारत पर होनोल्ड की चढ़ाई का सीधा प्रसारण नेटफ्लिक्स पर 10 सेकंड की देरी के साथ किया जा रहा था। एलेक्स को इमारत पर शनिवार को चढ़ना था, लेकिन बारिश के कारण 24 घंटे के लिए इसे स्थगित कर दिया गया था। इस इमारत में 101 मंजिल हैं, जिनमें सबसे कठिन हिस्सा मध्य भाग की 64 मंजिल हैं। ये इमारत को इसकी विशिष्ट पहचान देते हैं। आठ भागों में विभाजित इस इमारत के प्रत्येक भाग में आठ मंजिल हैं। एलेक्स ने ऊपर चढ़ते समय हर भाग में थोड़ी-थोड़ी देर आराम किया।



## ऑफ बीट

### नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान



श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है - यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं - और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

## ट्रेंड

### जनभागीदारी की मिसाल



उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से गुजरने वाली तमसा नदी का पुनरोद्धार जनभागीदारी की सफलता की अद्भुत मिसाल है। यहां के लोगों ने अपनी सामूहिक शक्ति से ना केवल एक नदी, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की धारा को एक नया जीवन दिया है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### 'श्री अन्न' की स्वीकार्यता



'श्री अन्न' की बढ़ती स्वीकार्यता देश के खानपान में आ रहे सकारात्मक परिवर्तन को दर्शाती है, जिसका उल्लेख प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में किया है। 'श्री अन्न' आज पोषण, नवाचार और किसान आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बना है।

**- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### वायु प्रदूषण



हम वायु प्रदूषण की बहुत भारी कीमत चुका रहे हैं -अपने स्वास्थ्य से भी और अर्थव्यवस्था से भी। करोड़ों आम भारतीय हर दिन इसका बोझ झेल रहे हैं। बच्चे और बुज़ुर्ग सबसे ज़्यादा इसके कारण पीड़ा सहते हैं।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### सोरेन ने परंपरा तोड़ी



झारखंड की उप राजधानी दुमका में मुख्यमंत्री द्वारा गणतंत्र दिवस के दिन झंडोत्तोलन किए जाने की परंपरा रही है, लेकिन हेमंत सोरेन ने लंदन में शॉपिंग करने के लिए इस परंपरा को भी तोड़ दिया। वे विदेशी दौरे पर जनता की गाढ़ी कमाई लुटा रहे हैं।

**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सीएम साय ने कहा ...

उतरा। आज भी अपने आप को एक कार्यकर्ता ही पाता हूं और सरल सहज रहने की कोशिश करता हूं।

**डॉ. द्विवेदी-** दिलीप सिंह जूदेव से कैसे मुलाकात हुई और उनसे इतनी आत्मियता कैसी रही ?

**मुख्यमंत्री-** राजपरिवार से मेरा पुराना नाता रहा है और इसी कारण दिलीप सिंह देव के करीबी रहा। वह एक आकर्षक व्यक्तित्व के मालिक थे और उनसे जो भी मिलता वह उनका ही होकर रह जाता था। 1947 में जब देश आजाद हुआ उस समय सीपी बरार स्टेट हुआ करता था। उस दौरान आरक्षित सीट से हमारे दादा और अनारक्षित सीट से दिलीप सिंह जी के परिवार के लोग मनोनित हुए थे। तब से लेकर लगातार उनसे संपर्क बना हुआ था। दिलीप सिंह जुदेव की याददाश्त बहुत तेज थी और हमेशा वह सभी के बारे में सोचते थे।

**डॉ. द्विवेदी-** 2019 में बिना लड़े आपका कैसे टिकट काट दिया गया था ?

**मुख्यमंत्री-** 2018 के विधानसभा चुनाव में जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को बहुमत मिला और भाजपा 15 सीटों पर सिमट गई थी तब एक झटका लगा

था ।2019 में जब लोकसभा चुनाव हो रहा था उसे समय रायगढ़ में हमारे घर में ही बैठक चल रही थी। उस समय मुझसे पूछा गया तो बोला कि पार्टी जो फैसला लेगी उसमें हमारी मंजूरी है। इसलिए ही बदलाव किया गया। पार्टी ने मुझे उम्मीद से ज्यादा दिया है इसके लिए हमेशा आभारी रहेंगे और पार्टी की जो भी आज्ञा होगी पूरा करेंगे।

**डॉ. द्विवेदी-** राज्य बने 25 साल हो गए हैं, इस सफर को किस रूप में देखते हैं ?

**मुख्यमंत्री-** पिछले 25 सालों में 17 साल भाजपा की सरकार रही और 8 साल कांग्रेस की। 17 सालों में हमने बेहतर करने का काम किया जबकि कांग्रेस की नीतियां गलत थी इस कारण राज्य के लोगों को भुगतना पड़ा। पिछले 25 सालों में हालांकि छत्तीसगढ़ का ऐतिहासिक विकास हुआ है। खास तौर पर प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की सोच के कारण पीएम सड़क योजना लागू हुई। इसी कारण हर गांव तक सड़क की सुविधा पहुंच चुकी है और आवागमन सुचारू हो चुका है। पहले राज्य में एक मेडिकल कॉलेज था अब 14 मेडिकल कॉलेज हैं। इसके साथ ही 20 विश्व विश्वविद्यालय भी खुल चुके हैं। पहले भुखमरी हुआ करती थी आज सभी को राशन मिल रहा है। डॉ रमन सिंह जब मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने खाद्यान्न सुरक्षा प्रणाली लागू की। पीडीएस की व्यवस्था ठीक की, इसलिए उन्हें चाउर वाले बाबा भी कहा जाता है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर जनता को हर सुविधा देना चाह रही है और इस दिशा में काम हो रहा है।

**डॉ. द्विवेदी-** 2023 में जब भाजपा को बहुमत मिला तो उम्मीद थी की मुख्यमंत्री बनेंगे?

**मुख्यमंत्री-** कभी किसी पद की लालसा नहीं रही। पार्टी ने जो मुझे अब तक दिया है उसके लिए धन्यवाद। अर्जुन मुंडा उस समय चुनाव पर्यवेक्षक बनकर आए थे। सभी लोगों की बैठक रायपुर में हुई थी और उस समय विधायक दल का नेता चुना जाना था। भाजपा में सब एक सिस्टम से काम होता है और इस बैठक में मुझे विधायक दल का नेता चुना गया और मुख्यमंत्री बना। भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है। यहां चाय वाला भी पीएम बन सकता है और एक गरीब घर का लड़का भी सीएम बन सकता है। संगठन सबसे महत्वपूर्ण है।

**डॉ. द्विवेदी-** मुख्यमंत्री के रूप में अपने इस 2 साल के कार्यकाल को कैसे देखते हैं?

**मुख्यमंत्री-** पिछले 2 साल कैसे बीता पता ही नहीं चला। इस बीच बेहतर काम करने की पूरी कोशिश रही। चुनाव प्रचार के दौरान मोदी की गारंटी लागू करने की बात हुई थी उसे पूरा किया गया है। कांग्रेस सरकार ने 18 लाख लोगों का घर छीना था। भाजपा की सरकार बनने के बाद सबसे पहला काम यही किया गया। 18 लाख पीएम आवास बनाने का वादा करते हुए पूरा किया गया। इसमें से 8 लाख लोगों का गृह प्रवेश हो चुका है। 3 लाख लोग तो बिलासपुर में ही पीएम नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम के दौरान गृह प्रवेश कर चुके हैं। इसके साथ ही 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की जा रही है तो प्रति एकड़ 3100 रुपए का भुगतान भी किया जा रहा है। अंतर की राशि भी दो साल से दे रहे हैं। 70 लाख से अधिक महिलाओं को 23 किश्त में 15 हजार करोड़ रुपए की राशि दी जा चुकी है। विकास का पैमाना इसी बात से तय कर सकते हैं कि पहले 20 किलोमीटर से ज्यादा दूर तक पढ़ने के लिए आना जाना पड़ता था। आज हर गांव में स्कूल खुल गए हैं। हायर सेकेंडरी तक की पढ़ाई निशुल्क हो रही है।

**डॉ. द्विवेदी-** गृहमंत्री अमित साह ने 31 मार्च 2026 तक छग को नक्सलमुक्त करने का दावा किया है, क्या स्थिति है?

**मुख्यमंत्री-** पहले की सरकारों ने नक्सलियों के खात्मे पर ध्यान नहीं दिया। खास तौर पर कांग्रेस की सरकार ने इच्छाशक्ति नहीं दिखाई। अब राज्य की भाजपा सरकार को केन्द्र का सहयोग मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार मिलकर इस दिशा में काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह की इच्छा शक्ति के साथ ही जवानों के हौसलों के कारण नक्सलवाद खात्मे की ओर है। देखा जाए तो आज हमारे पास जवान वही है, संसाधन भी वही है फिर भी इच्छा शक्ति है इसलिए टास्क फोर्स के साथ मिलकर नक्सलवाद खो खत्म किया जा रहा है। आज कभी घायल जवानों से मिलने जाते हैं तो वह कहते हैं कि हम फिर से ठीक होकर लड़ाई लड़ेंगे और नक्सलियों को खत्म करेंगे। इसी हौसलों के कारण कई बड़े नक्सलियों को मार गिराया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने नक्सलियों से आह्वान भी किया है कि वह मुख्यधारा में लौट आएं। नक्सिलयों के लिए बेहतर पुनर्वास नीति भी लागू की गई है। 25 हजार से अधिक नक्सलियों ने सरेंडर किया है। बस्तर क्षेत्र के 400 गावों में सबसे सुंदर गांव योजना लागू की गई है। जिस क्षेत्र में पहले कोई जाता नहीं था वहां भी लोग पहुंच रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार बस्तर क्षेत्र के अंदरूनी गांव में बिजली,पानी सड़क पहुंच रही है। अस्पतालस स्कूल खोले जा रहे हैं। जहां राशन के लिए पहले तीन-तीन दिन तक लाइन लगती थी अब वहां आसानी से राशन पहुंच रहा है। बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया गया इसमें तीन लाख 91 हजार लोगों ने भाग लिया। बस्तर उत्सव का भी आयोजन हो रहा है जिसमें 47 हजार लोग भाग लेंगे।

**डॉ, द्विवेदी-** सरकार की एक बड़ी योजना महतारी वंदन से क्या नई महिलाओं को जोड़ जाएगा?

**मुख्यमंत्री-** बिलकुल जोड़ा जाएगा। इस बारे में नए सिरे से सर्वे भी कराया जाएगा। जो भी युवतियां 18 साल की हो गईं होंगी और पात्रता की श्रेणी में होंगी उन्हें इस महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जाएगा। जिससे की अधिक से अधिक लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके। अभी तक 23 किश्तों में 70 70 लाख से अधिक महिलाओं को 15 हजार करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

**डॉ. द्विवेदी-** बिलासपुर को रायपुर के मुकाबले काफी पीछे माना जा रहा है, बढ़ावा देंगे ?

**मुख्यमंत्री-** बिलासपुर के विकास के लिए हर संभव योजनाएं बनाई जांएगी। बिलासपुर प्रदेश का दूसरा बड़ा शहर है इसके लिए अलग से प्लानिंग की गई है। 10 हजार करोड़ की योजनाएं इसमें लागू की जाएगी। बजट की कोई कमी नहीं होगी। जनप्रतिनिधियों की ओर से जो भी प्रस्ताव आएगा उसे पर विचार कर उसे मंजूरी दी जाएगी। राज्य में राजस्व बढ़ाने पर भी विचार हो रहा है। पहले जहां आबकारी से 6000 करोड़ रुपए आते थे इस बार 10000 करोड़ रुपए आया है। जीएसटी से भी वसूली बड़ी है और 14000 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। छत्तीसगढ़ सरकार का भ्रष्टाचार के लीकेज को बंद करने पर पूरा जोर है, इससे केंद्र से पूरा सहयोग मिल रहा है।

**डॉ. द्विवेदी-** बिलासपुर में 26 जनवरी को इस बार झंडारोहण करने की कोई खास वजह ?

**मुख्यमंत्री-**ऐसा कुछ खास नहीं है, बस मन में विचार आया कि अलग-अलग जगह पर पहुंचकर लोगों से मिलना चाहिए झंडारोहण करना चाहिए। इसी कारण छत्तीसगढ़ सरकार अलग-अलग जिलों में प्राधिकरण की बैठक भी कर रही है।

**डॉ. द्विवेदी-** पिछले 2 सालों में विपक्ष को कैसे देखते हैं ?

**मुख्यमंत्री-** एक मजबूत विपक्ष जरूरी है लेकिन कांग्रेस वह धर्म भी नहीं निभा पा रही है। विधानसभा, लोकसभा, नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव हारकर कांग्रेसी बौखला गए हैं और उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। आपस में कांग्रेसियों में लड़ाई हो रही है। तथ्यों के साथ विपक्ष बात करता है तो सरकार को भी काम करने में बेहतरी मिलती है।

**डॉ. द्विवेदी-** रमन सिंह के साथ आप सांसद और विधायक दोनों रहे, वे सीएम बन गए तो कैसा लगा ?

**मुख्यमंत्री-** कभी किसी पद की महत्वाकांक्षा या लालसा रही ही नहीं। लोगों ने पंच बनने कहा तो बन गए। पार्टी ने विधायक और लोकसभा का टिकट दिया तो वहां चुनाव लड़ा गया। पार्टी ने जो आदेश दिया वह काम इमानदारी से किया गया।

**डॉ. द्विवेदी-** राज्य बनने के बाद शुरूआती 3 साल को किस रूप में देखेंगे ?

**मुख्यमंत्री-** सन 2000 में जब छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हो रही थी उस समय केंद्र में भाजपा की सरकार थी जबकि राज्य में कांग्रेस का बहुमत था। इसके बावजूद भी तात्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने छत्तीसगढ़ राज्य के गठन को मंजूरी दी। वह 3 साल का कार्यकाल मुख्यमंत्री अजीत जोगी का था जिसे लोग आज तक भूल नहीं पाए हैं। जनप्रतिनिधियों की के साथ ही विधायकों की खरीदी की गई थी।

### पहली बार तिरंगा ...

भावना को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह सकारात्मक परिवर्तन सुरक्षा बलों के निरंतर प्रयासों और स्थानीय समुदायों के सहयोग से संभव हो पाया है। विशेष रूप से अबूझमाड़, नेशनल पार्क क्षेत्र तथा अन्य पूर्व माओवादी गढ़ों में बसवा राजू, के. रामचंद्र रेड्डी, सुधाकर, कट्टा सत्यानारायण रेड्डी सहित अन्य माओवादी कैडरों के निष्प्रभावी होने से क्षेत्र में उग्रवादी प्रभाव को कमजोर किया गया है। परिणामस्वरूप भय और दबाव की जगह शांति, विकास और प्रशासनिक पहुंच स्थापित हो रही है।

### सुकमा जिले के ...

आईजी ने बताया कि किस्टाराम थाना क्षेत्र के तुमालभट्टी, मरईगुड़ा क्षेत्र के वीरागंगलेर, कोंटा थाना क्षेत्र के मैता, चिंतलनार के पालागुड़ा, गुंडराजगुड़ेम, नागाराम तथा पेद्दाबोड़केल, गोलापल्ली के बंजलवाही, केरलापाल के गोगुंडा एवं जगरगुंडा थाना क्षेत्र के उरसांगल में गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा।

### पुलिस मैदान में ...

कर ली गई है। समारोह स्थल पर आयोजित कार्यक्रम के लिए जारी मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार मुख्य समारोह में सुबह 8.59 बजे मुख्य अतिथि विष्णु देव साय का आगमन होगा। सुबह 9 बजे ध्वजारोहण, राष्ट्रगान होगा। सुबह 9.03 बजे मुख्यमंत्री परेड का निरीक्षण करेंगे। सुबह 9.06 बजे हर्ष फायर एवं सुबह 9.13 बजे परेड द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। सुबह 9.18 बजे मुख्यमंत्री द्वारा राज्य की जनता के नाम संदेश का वाचन होगा। सुबह 9.39 बजे परेड निष्क्रमण की कार्रवाई एवं इसके पश्चात सुबह 9.48 बजे स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। सुबह 10.20 बजे शासकीय विभागों की झांकी निकाली जाएगी। सुबह 10.57 बजे जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा तथा 11.15 बजे कार्यक्रम का समापन होगा। समारोह में विभागों द्वारा आकर्षक झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। शासकीय योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को मुख्यमंत्री श्री साय सम्मानित करेंगे।

### जहां पहुंचना आसान...

13 को पद्म भूषण सम्मान दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रविवार को पद्म पुरस्कार 2026 के लिए चुने गए लोगों की आधिकारिक सूची जारी कर दी है। भारत के सबसे प्रतिष्ठित नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार के लिए कला, साहित्य, चिकित्सा, विज्ञान, खेल, सामाजिक सेवा और सार्वजनिक जीवन सहित विभिन्न क्षेत्रों में समाज पर स्थायी प्रभाव छोड़ने वाले व्यक्तियों को शामिल किया गया है। इस सूची में पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं।

### बस्तर की 'बड़ी दीदी'...

आदिवासियों में जागरूकता का काम कर रही हैं। उन्होंने अपना जीवन आदिवासी बच्चियों की शिक्षा, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और बुजुर्गों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया।

### दुर्गम इलाकों में...

एक आयुर्वेद चिकित्सक हैं। वे अपनी पत्नी सुनीता गोडबोले के साथ मिलकर स्वास्थ्य जागरूकता और कुपोषण के खिलाफ लगातार काम कर रहे हैं। दोनों ने मिलकर 'ट्रस्ट फॉर हेल्थ' के माध्यम से ऐसे गांवों तक इलाज पहुंचाया, जहां सड़क, बिजली और मोबाइल नेटवर्क तक नहीं है।

### साय बोले- प्रदेश...

होना पूरे प्रदेश के लिए अपार गौरव और सम्मान का विषय है। प्रदेश और देश का नाम रोशन करने वाले इन तीनों विभूतियों को हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं।

### पद्म भूषण...

शतावधानी आर गणेश- कला, 0 शिबू सोरेन (मरणोपरांत)- पब्लिक लाइफ , उदय कोटक- व्यापार और उद्योग , वी के मल्होत्रा (मरणोपरांत)- पब्लिक लाइफ , वेल्लापल्ली नटेसन- पब्लिक लाइफ , विजय अमृतराज- खेल

### पद्म श्री...

अशोक कुमार हालदार, बलदेव सिंह, भगवानदास रायकरवार, भारत सिंह भारती, भिकल्या लडक्या धिंडा, बिश्व बंधु (मरणोपरांत), बृज लाल भट्ट, बुद्धा रश्मि मणि, डॉ. बुधरी टाटी- चंद्रमौली गड्डामानुगु, चरण हेम्ब्रम, चिरंजी लाल यादव, दीपिका रेड्डी, धर्मिकलाल चुनिलाल पंड्या, गड्डे बाबू राजेंद्र प्रसाद गफरुद्दीन मेवाती जोगी, गंभीर सिंह योंजोन, गरिमेल्ला बालकृष्ण प्रसाद (मरणोपरांत), गायत्री बालसुब्रमणियन एवं सुश्री रंजनी बालसुब्रमणियन (संयुक्त), गोपाल जी त्रिवेदी, गुडूरु वेंकट राव, एच. वी. हांडे, हाली वार, हरि माधब मुखोपाध्याय (मरणोपरांत), हरिचरण सैकिया, हरमनप्रीत कौर भुल्लर, इंदरजीत सिंह सिद्धू, जनार्दन बापुराव बोथे, जोगेश देउरी, जुज़र वासी, ज्योतिष देबनाथ, के. पाजनीवेल, के. रामास्वामी, के. विजय कुमार, कबिंद्र पुरकायस्थ (मरणोपरांत), कैलाश चंद्र पंत, कलामंडलम विमला मेनन, केवल कृष्ण ठाकुराल, खेम राज सुंद्रियाल, कोल्लकल देवकी अम्मा जी, कृष्णमूर्ति बालसुब्रमणियन, कुमार बोस, कुमारस्वामी थंगराज, प्रो. (डॉ.) लार्स-क्रिश्चियन कोख, ल्यूडमिला विक्टोरोवना खोखलोवा, माधवन रंगनाथन, मगंती मुरली मोहन, महेंद्र कुमार मिश्रा, महेंद्र नाथ रॉय, ममिडाला जगदीश कुमार, मंगला कपूर, मीर हाजीभाई कासमभाई, मोहन नागर, नारायण व्यास, नरेश चंद्र देव वर्मा, निलेश विनोदचंद्र मंडलेवाला, नूरुद्दीन अहमद,ओथुवार तिरुथानी स्वामीनाथन, डॉ. पद्मा गुरमेट,पालकोंडा विजय आनंद रेड्डी ,पोखिला लेकथेपी ,डॉ. प्रभाकर बसवप्रभु कोरे ,प्रतीक शर्मा ,प्रवीन कुमार ,प्रेम लाल गौतम ,प्रोसेनजीत चटर्जी ,डॉ. पुन्नियामूर्ति नटेशन ,आर. कृष्णन (मरणोपरांत) ,आर. वी. एस. मणि ,रबी लाल टुडू ,रघुपत सिंह (मरणोपरांत) ,रघुवीर तुकाराम खेड़कर ,राजस्थपति कलियप्पा गौंडर ,राजेंद्र प्रसाद ,रामा रेड्डी ममिडी (मरणोपरांत) ,राममूर्ति श्रीधर ,रामचंद्र गोडबोले एवं सुश्री सुनीता गोडबोले (संयुक्त) ,रतीलाल बोरिसागर ,रोहित शर्मा ,एस. जी. सुषीलम्मा ,संगयुसांग एस. पोंगेनर ,संत निरंजन दास ,शरत कुमार पात्र ,सरोज मंडल ,सतीश शाह (मरणोपरांत) ,सत्यानारायण नुवाल ,सविता पुनिया ,प्रो. शफी शौक ,शशि शेखर वेम्पति ,श्रीरंग देवाबा लाड ,शुभा वेंकटेश आयंगर ,श्याम सुंदर ,सिमांचल पात्र ,सिवसंकरी ,डॉ. सुरेश हनगावड़ी ,स्वामी ब्रह्मदेव जी महाराज ,टी. टी. जगन्नाथन (मरणोपरांत) ,टगा राम भील ,तरुण भट्टाचार्य ,टेची गुबिन ,थिरुवारूर भक्तवत्सलम ,तृप्ति मुखर्जी ,वेझिनाथन कामकोटि ,वेम्पटी कुटुम्ब शास्त्री ,व्लादिमेर मेस्त्विरीश्विली (मरणोपरांत) ,युमनाम जात्रा सिंह (मरणोपरांत)

### 10 अफसरों को...

पदक से नवाजा गया है। रामअवतार सिंह को लंबे समय से अनुशासित सेवा और कर्तव्यनिष्ठ कार्य के लिए यह सम्मान दिया जाएगा। इसके अलावा राज्य के 10 सीनियर और युवा पुलिस अफसरों को सराहनीय सेवा पदक प्रदान किया गया है। इनमें वरिष्ठ आईजी से लेकर सहायक पुलिस अधीक्षक और कमांडेंट स्तर के अधिकारी शामिल हैं। पुलिस महानिदेशक अरुणदेव गौतम ने पदक पाने वाले पुलिस अफसरों एवं उनके परिजनों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। **सराहनीय सेवाओं के लिए पदक -** - रामगोपाल गर्ग, पुलिस महानिरीक्षक, बिलासपुर रेंज, बिलासपुर। - शशिमोहन सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला रायगढ़। - श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा, पुलिस अधीक्षक, रायपुर ग्रामीण। - राजश्री मिश्रा, पुलिस अधीक्षक, एटीएस, विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर। निवेदिता पाल, सेनानी, 6वीं वाहिनी, छसबले, रायगढ़। - मनीषा ठाकुर रावटे, सेनानी, 20वीं वाहिनी, छसबल, महासमुंद । - तारकेश्वर पटेल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, जिला पुलिस मध्य, पुलिस आयुक्त रायपुर नगरीय। - उनैजा खातून अंसारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, विआशा, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर। - जयलाल मरकाम, सहायक सेनानी, प्रथम वाहिनी, छसबल, भिलाई। - हजारी लाल साहू, प्लाटून कमाण्डर, 20वीं वाहिनी, छसबल, महासमुंद । **वीरता पदक किसी को नहीं-** इस बार किसी भी पुलिस अफसर कर्मियों को वीरता पदक नहीं मिलने से पुलिस विभाग में निराशा का भाव है। जिन पुलिस अफसरों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान मिला है, वह उनके विभाग के प्रति समर्पण, प्रशासनिक दक्षता और जनसेवा में योगदान को देखते हुए मिला है।

### 'पीपुल्स पद्म' की...

व्यक्तिगत संघर्षों, अभावों और त्रासदियों को पार कर न केवल अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट बने, बल्कि आजीवन समाजसेवा को अपना ध्येय बनाया।






खबर संक्षेप



## एचसीएल टेक फिनर्जिक का करेगी अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** घरेलू सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक ने कहा कि वह सिंगापुर स्थित आईटी सेवा एवं परामर्श कंपनी फिनर्जिक सॉल्यूशंस का 1.9 करोड़ सिंगापुर डॉलर (लगभग 136 करोड़ रुपये) में अधिग्रहण करेगी। कंपनी ने कहा कि यह अधिग्रहण वित्तीय सेवाओं, खासकर मुख्य बैंकिंग एवं संपत्ति प्रबंधन क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता बढ़ाने के रणनीतिक प्रयास से मेल खाता है। एचसीएल टेक ने एक बयान में कहा कि अधिग्रहण समझौते पर हस्ताक्षर हो चुके हैं और यह लेनदेन 30 अप्रैल, 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि फिनर्जिक की विशेषज्ञ क्षमताओं के साथ एचसीएल टेक के पैमाने का मेल वित्तीय सेवाओं और संपत्ति प्रबंधन उद्योग में सेवा वितरण को और बेहतर बनाएगा।

## करूर वैश्य बैंक के लाभ में 39 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 39 प्रतिशत बढ़कर 690 करोड़ रुपये हो गया जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 496 करोड़ रुपये था। बैंक ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 14.62 प्रतिशत बढ़कर 1,239 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 1,081 करोड़ रुपये थी। ऋणों में 17 प्रतिशत की वृद्धि से आय को समर्थन मिला। हालांकि, आलोच्य तिमाही में बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 0.05 प्रतिशत घटकर 3.99 प्रतिशत रह गया। पिछली तिमाही में बैंक का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (जीएनपीए) अनुपात सालाना आधार पर 0.12 प्रतिशत सुधरकर 0.71 प्रतिशत रहा। दिसंबर अंत तक बैंक की कुल पूंजी पर्याप्तता 16.05 प्रतिशत थी।

# ट्रंप के टैरिफ से भारत के टेक्सटाइल एक्सपोर्ट को भारी नुकसान, बंद हो जाएंगी फैक्ट्रियां

## अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की सरकार से दखल देने की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ से भारतीय निर्यातकों को नुकसान पहुंच रहा है। खासकर, टेक्सटाइल एक्सपोर्ट पर इसके बुरे असर को देखते हुए अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (एईपीसी) ने सरकार से यह कहते हुए कि तुरंत दखल देने की मांग की है कि देरी से प्रोडक्शन में कटौती और फैक्ट्रियां बंद हो जाएंगी।

वाइस-प्रेसिडेंट सीपी राधाकृष्णन को लिखे एक पत्र में अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन ए शक्तिवेल ने कहा कि अपैरल गारमेंट इंडस्ट्री को सपोर्ट और सही कार्रवाई की सख्त जरूरत है। यदि समय रहते सरकार कदम नहीं उठाती है तो कई गारमेंट कंपनियों भारत की बंद हो सकती है। लेटर में यह भी कहा गया, 'हाल ही में अमेरिका की तरफ से आयात पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ और रूसी तेल से जुड़ी 25 प्रतिशत की एक्स्ट्रा पेनल्टी लगाने से भारत के टेक्सटाइल एक्सपोर्ट में, खासकर अमेरिका में, जो भारत का सबसे बड़ा सिंगल एक्सपोर्ट मार्केट है, गंभीर रुकावट आ रही है।'

### अमेरिका भारतीय कपड़ों का बड़ा बाजार

अमेरिका भारतीय टेक्सटाइल और अपैरल का बहुत बड़ा बाजार है। कारोबारी साल 2024-25 में अमेरिका के लिए भारत का टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 36.61 अरब डॉलर का रहा। ऐसे में ट्रंप के लगाए गए टैरिफ से टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। एईपीसी के चेयरमैन ने कहा है कि देश के टेक्सटाइल एक्सपोर्ट को बचाने के लिए भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ के मुद्दों को तुरंत सुलझाने की जरूरत है। कई बड़े भारतीय टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स के लिए अमेरिकी बाजार उनके टोटल एक्सपोर्ट का लगभग 70 प्रतिशत है।



### नुकसान उठाने की और क्षमता नहीं

काउंसिल ने कहा कि 25 परसेंट डिस्काउंट के बाद भी टैरिफ का बोझ उठाना कमर्शियली नामुमकिन है और लागत को खरीदारों पर डालना भी सही नहीं है। काउंसिल ने भारत-अमेरिका व्यापार संधि को तुरंत खत्म करने की सिफारिश की है। इसमें कहा गया है, 'टेक्सटाइल इंडस्ट्री ने एक्सपोर्ट और रोजगार की रक्षा के लिए राष्ट्रीय हित में पहले ही काफी नुकसान उठाया है। अब और नुकसान सहने की क्षमता नहीं है। 3-6 महीने की देरी से भी एक रणनीतिक एक्सपोर्ट सेक्टर को स्थायी नुकसान हो सकता है।'

### ऑर्डर रुकने व नौकरियां जाने का खतरा

इसमें कहा गया कि अगर तुरंत इसका हल नहीं निकला, तो इस सेक्टर को ऑर्डर रुकने, नौकरियां जाने और मार्केट शेयर का परमानेंट नुकसान हो सकता है।

### अब तक का सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौता

# भारत-यूरोपीय संघ कल वार्ता पूरी होने की करेगा घोषणा, 18 साल का इंतजार होगा खत्म

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) 27 जनवरी को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की वार्ता संपन्न होने और इसे अंतिम रूप देने की घोषणा करने के लिए तैयार हैं। एक अधिकारी के अनुसार, इस समझौते का उद्देश्य अमेरिकी शुल्क के कारण वैश्विक व्यापार में जारी व्यवधानों के बीच दोनों क्षेत्रों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना है।

- इसकी वार्ता वर्ष 2007 में शुरू हुई थी

18 साल के लंबे इंतजार के बाद यह समझौता अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। इसकी वार्ता वर्ष 2007 में शुरू हुई थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस समझौते को अब तक का सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौता ''मदर ऑफ ऑल डील्स'' करार दिया है। अधिकारी ने बताया कि वार्ता के समापन की घोषणा यहां आयोजित होने वाले भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के दौरान की जाएगी।

**खास बातें**

- समझौते का उद्देश्य आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना
- समझौते को यूरोपीय संसद की मंजूरी की आवश्यकता होगी




### भारत उच्च शुल्क का सामना कर रहा

भारत वर्तमान में वहां 50 प्रतिशत तक के उच्च शुल्क का सामना कर रहा है। माना जा रहा है कि यह एफटीए भारतीय निर्यातकों को अपने बाजार विविधीकरण और चीन पर निर्भरता कम करने में मदद करेगा। भारत इस समझौते के जरिए अपने कपड़ा, चमड़ा और हथकरघा जैसे क्षेत्रों के लिए शुन्य-शुल्क बाजार पहुंच की तलाश में है।

### यूरोपीय संघ भारतीय बाजार में पहुंच चाहता है

दूसरी ओर, यूरोपीय संघ अपने ऑटोमोबाइल निर्यात, वाइन और हाई-टेक विनिर्माण क्षेत्रों के लिए भारतीय बाजार में अधिक पहुंच चाहता है। संवेदनशील कृषि और डेयरी क्षेत्रों को फिलहाल इस समझौते से बाहर रखा गया है ताकि छोटे और सीमांत किसानों के हितों की रक्षा की जा सके। यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।

### आयोग की अध्यक्ष पहुंची भारत

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 24 जनवरी को चार दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंच चुकी हैं। वह यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के साथ 27 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ शिखर वार्ता करेंगी। हालांकि वार्ता पूरी होने की घोषणा इसी सप्ताह हो जाएगी, लेकिन मसौदे की कानूनी समीक्षा के बाद इसे आपसी सहमति वाली तारीख पर हस्ताक्षरित किया जाएगा।

### भारत में समझौते पर कैबिनेट की मुहर जरूरी होगी

इसके क्रियान्वयन में थोड़ा समय लग सकता है क्योंकि इसे यूरोपीय संसद की मंजूरी की आवश्यकता होगी, जबकि भारत में इसे केवल केंद्रीय मंत्रिमंडल की अनुमति चाहिए। इस समझौते के तहत दोनों पक्ष आपसी व्यापार वाली 90 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर आयात शुल्क को कम या समाप्त करेंगे।

### कपड़ा और फुटवियर के उत्पादों पर शुल्क समाप्त हो सकता है

कपड़ा और फुटवियर जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों के उत्पादों पर शुल्क पहले ही दिन से समाप्त हो सकता है, जबकि कुछ अन्य वस्तुओं पर इसे पांच से दस वर्षों में चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा।

# अगले वित्त वर्ष में नरम पड़ सकती है 'लक्जरी' घरों की मांग: सर्वेक्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के प्रमुख शहरों में 'लक्जरी' घरों की मांग और कीमतों में अगले वित्त वर्ष (2026-27) के दौरान कुछ नरमी देखने को मिल सकती है। संपत्ति सलाहकार 'इंडिया सोदबी इंटरनेशनल रियलिटी' (आईएसआईआर) के एक ताजा सर्वेक्षण में शामिल 56 प्रतिशत अमीर उत्तरदाताओं ने इस ओर इशारा किया है।

- संपत्ति सलाहकार आईएसआई आर ने जारी की रिपोर्ट

आईएसआईआर ने भारत की आर्थिक वृद्धि संभावनाओं, निवेश रणनीतियों और लक्जरी आवासीय बाजार के प्रति नजरिया जानने के लिए लगभग 700 उच्च निवल संपत्ति वाले व्यक्तियों (एचएनआई) और अत्यधिक उच्च निवल संपत्ति वाले व्यक्तियों (यूएचएनआई) के बीच यह सर्वेक्षणक्षण किया है। रविवार को जारी रिपोर्ट 'द इंडिया लक्जरी रेजिडेंशियल आउटलुक 2026' के अनुसार, वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद 67 प्रतिशत अमीर भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर को लेकर आश्वस्त हैं। आर्थिक परिदृश्य की बात करें तो 72 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 6-7 प्रतिशत के दायरे में रहेगी। जब सर्वेक्षण में यह पूछा गया कि क्या लक्जरी आवासीय बाजार की वर्तमान मजबूती 2026-27 में कम होगी, तो 56 प्रतिशत ने 'हां' में उत्तर दिया।




### शहरों में लक्जरी आवास का बाजार शानदार रहा

आईएसआईआर के प्रबंध निदेशक अमित गोयल ने कहा कि 2025 में दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, गोवा और अलीबाग जैसे प्रमुख शहरों में लक्जरी आवासीय बाजार का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने बताया कि अब स्थापित व्यावसायिक घरानों के साथ-साथ स्टार्टअप संस्थापकों, नयी पीढ़ी के उद्यमियों और वरिष्ठ पेशेवरों जैसे 'नए धन सृजनकर्ताओं' ने भी बाजार में कदम रखा है।

## श्रीराम फाइनेंस के लाभ में 22 फीसदी की गिरावट

**मुंबई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) श्रीराम फाइनेंस ने शुक्रवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 22 प्रतिशत घटकर 2,530 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने पिछले साल की इसी तिमाही में 3,249 करोड़ रुपये और पिछली तिमाही (सितंबर तिमाही) में 2,314 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी का तीसरी तिमाही का एकल आधार पर शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 3,570 करोड़ रुपये से घटकर 2,522 करोड़ रुपये रह गया। गौरतलब है कि कंपनी को पिछले साल की इसी अवधि में अपनी आवास वित्त इकाई की बिक्री से लाभ हुआ था, जिससे उस समय मुनाफा अधिक दिखा था।


## राशिफल


**मेष** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।


**वृष** — कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।


**मिथुन** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।


**कर्क** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।


**सिंह** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।


**कन्या** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**तुला** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।


**वृश्चिक** — आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**धनु** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।


**मकर** — वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।


**मीन** — शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

# भारत का तेल आयात के लिए फिर से अरब देशों की ओर रुख

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने कच्चे तेल के आयात की रणनीति में बदलाव करते हुए कम जोखिम वाली आपूर्ति पर जोर दिया है। इसमें पश्चिम एशिया की हिस्सेदारी बढ़ रही है, जबकि सीमित मात्रा में रूस से आपूर्ति भी बनी हुई है।

- कच्चे तेल के आयात रणनीति में किया बदलाव

विश्लेषण फर्म केप्लर के आंकड़ों के अनुसार जनवरी के पहले तीन हफ्तों में रूसी कच्चे तेल का आयात गिरकर लगभग 11 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया, जो पिछले महीने औसतन 12.1 लाख बैरल प्रतिदिन और मध्य 2025 में 20 लाख बैरल प्रतिदिन से थोड़ा अधिक था। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए लगभग 90 प्रतिशत आयात पर निर्भर है। केप्लर के आंकड़ों के अनुसार इराक अब रूस के बराबर मात्रा में आपूर्ति कर रहा है, जबकि दिसंबर 2025 में यह औसतन 9,04,000 बैरल प्रतिदिन था। सऊदी अरब से आने वाली मात्रा भी इस महीने बढ़कर 9,24,000 बैरल प्रतिदिन हो गई है, जो दिसंबर में 7,10,000 बैरल प्रतिदिन और अप्रैल 2025 में 5,39,000 बैरल प्रतिदिन थी। रूस 2022 में इराक को पीछे छोड़कर भारत का शीर्ष आपूर्तिकर्ता बन गया था, जब भारतीय रिफाइनरी ने भारी छूट वाले रूसी तेल को खरीदने के लिए तेजी दिखाई थी।




### पश्चिम एशिया की हिस्सेदारी बढ़ी

केप्लर के शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, ''जनवरी 2026 में भारत की कच्चे तेल की खरीद कम जोखिम वाली और अधिक विश्वसनीय आपूर्ति की ओर एक स्पष्ट बदलाव दिखाती है। इसमें पश्चिम एशिया की हिस्सेदारी बढ़ रही है, जबकि सीमित मात्रा में रूस का प्रवाह भी बना हुआ है।''

# आगामी आम बजट से तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महत्वपूर्ण घटनाक्रम से भरे इस सप्ताह में कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजे, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर पर फैसले और आगामी आम बजट 2026-27 से शेयर बाजार का रुख तय होगा। गणतंत्र दिवस के कारण सोमवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे।

- कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजे प्रभावित करेंगे बाजार

विशेषज्ञों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधि, रुपया-डॉलर का रुख और वैश्विक व्यापार से संबंधित घटनाक्रम भी बाजार में कारोबार को प्रभावित करेंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करेंगी। बजट पेश होने के दिन रविवार है, लेकिन इस दिन शेयर बाजार एनएसई और बीएसई खुले रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ''यह सप्ताह महत्वपूर्ण घरेलू और वैश्विक कारकों से भरा हुआ है। घरेलू मोर्चे पर बाजार औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों, आम बजट से जुड़े राजकोषीय संकेतकों और साप्ताहिक विदेशी मुद्रा भंडार पर नजर रखेंगे। कंपनियों के तिमाही नतीजों पर भी नजर रहेगी, जिसमें एक्सिस बैंक, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, आईटीसी, एनटीपीसी और बजाज ऑटो जैसी दिग्गज कंपनियों के नतीजे आएंगे।'' उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक स्तर पर ध्यान अमेरिका के प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़ों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर निर्णय और वैश्विक व्यापार नीतियों में हो रहे घटनाक्रमों पर रहेगा।



### रुपए के अवमूल्यन से अनिश्चितता बढ़ी

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''एफपीआई ने 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में अपनी बिकवाली न केवल जारी रखी, बल्कि इसकी तीव्रता भी बढ़ा दी। रुपये के निरंतर अवमूल्यन, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर अनिश्चितता और अब तक के सामान्य तिमाही नतीजों के कारण बाजार की धारणा बहुत कमजोर रही है।''

## रिफाइनिंग मार्जिन बढ़ने से बीपीसीएल का लाभ उछला



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 62 प्रतिशत उछलकर 7,545.27 करोड़ रुपये रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण तेल शोधन मार्जिन (रिफाइनिंग मार्जिन) में हुए सुधार से कंपनी के मुनाफे में यह बड़ी वृद्धि दर्ज की गई है। एक बैरल कच्चे तेल को खरीदकर उसे पेट्रोल-डीजल जैसे उत्पादों में बदलने के बाद जो शुद्ध कमाई बचती है, उसे तेल शोधन मार्जिन कहते हैं। कंपनी द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 7,545.27 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में अर्जित 4,649.20 करोड़ रुपये के मुकाबले काफी अधिक है।

# बाजार पूंजीकरण में रिलायंस को नुकसान

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में कमजोर रुख के कारण पिछले सप्ताह शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में नौ का कुल बाजार मूल्यांकन 2.51 लाख करोड़ रुपये घट गया। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे अधिक नुकसान हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 2,032.65 अंक या 2.43 प्रतिशत टूट गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ''समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान बाजारों में भारी बिकवाली देखी गई और मंदड़िए पूरी तरह हावी रहे। कमजोर वैश्विक संकेतों, निरंतर एफआईआई की निकासी, रुपये के गिरते मूल्य और सामान्य कॉरपोरेट नतीजों ने पूरे सप्ताह दबाव बनाए रखा।'' रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल सहित शीर्ष 10 में नौ सबसे मूल्यवान कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 2,51,711.6 करोड़ रुपये घट गया।




## शब्द पहेली - 6120



**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल, समय, पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु, मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र, बेटा-3
14. क्षार, खारा-2
15. दर, मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा, भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी, सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन, परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त, निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर, द्वेष-2
2. सद्पुरुष, अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा, धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय, खौफ-2
20. वेग, गति-3
21. मुंह, चेहरा-2
22. पैर, ओहदा-2
23. वर्धनशील, बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी, कंद-5
25. सभागार, सभाकक्ष-5
26. भयंकर, खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर, डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय, प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

**शब्द पहेली- 6119 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6130

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6129 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प

आज हम देश के गणतंत्र का पर्व मना रहे हैं। यह दिन उन स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान का स्मरण करने का अवसर है, जिनकी बदौलत हमें गणतंत्र प्राप्त हुआ। हमारे पूर्वजों ने हमें एक ऐसा संविधान दिया है, जो अंत्योदय के भाव के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय, समानता और विकास पहुँचाने का मार्ग दिखाता है।

आज यदि भारतीय लोकतंत्र विश्व में सम्मान के साथ खड़ा है, तो इसके पीछे संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने वाले हमारे वीर सपूतों का अमूल्य योगदान है। देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ नक्सलवाद जैसी आंतरिक चुनौतियों से मुकाबला करते हुए हमारे सुरक्षा बल लोकतंत्र को सशक्त बना रहे हैं। इस अवसर पर हम सभी वीर जवानों को सादर नमन करते हैं।

-श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़




हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
सुशासन से समृद्धि की ओर
ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in



# सीधे सेटों में जीते अल्काराज, सबालेंका और गॉफ, क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और एरिना सबालेंका ने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने की कोशिश में लगे अल्काराज ने टॉमी पॉल पर 7-6 (6), 6-4, 7-5 से जीत दर्ज की जबकि महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कनाडा की नंबर 17 विक्टोरिया एमबोको को 6-1, 7-6 (1) से हराया। सबालेंका का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला 18 वर्षीय इवा जोविच से होगा। इस 29वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने यूलिया पुतिनत्सेवा को 53 मिनट में 6-0, 6-1 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई। खिताब की एक अन्य दावेदार कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लगातार तीसरे वर्ष क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। उन्होंने 19वीं रैंकिंग की खिलाड़ी कैरोलिना मुचोवा को 6-1, 3-6, 6-3 से हराया।

### अल्काराज ने अपने खेल में किए बदलाव

*अल्काराज ने अपने खेल में कुछ बदलाव किए, जो इस मैच में कारगर साबित हुए। उन्होंने कोई डबल-फॉल्ट नहीं किया, अपनी पहली सर्विस को 70 प्रतिशत सही जगह पर पहुंचाया और उनमें से 79 प्रतिशत अंक जीते। उन्होंने अपनी दूसरी सर्विस पर भी 68 प्रतिशत अंक जीते।*

ऑस्ट्रेलियाई ओपन



### सबालेंका ने एमबोको को 31 मिनट में हराया

*वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पिछले चार वर्षों में तीसरा खिताब जीतने की कवायद में लगी सबालेंका ने अपनी दमदार सर्विस का शानदार नमूना पेश करते हुए कनाडा की 19 वर्षीय खिलाड़ी को केवल 31 मिनट में हरा दिया। सबालेंका दूसरे सेट में उतनी हावी नहीं रहीं और उन्होंने कुछ बेजा गलतियां की। इस सेट में एमबोको ने अच्छा खेल दिखाया।*

### जोकोविच का मिला वाकओवर क्वार्टर फाइनल में एंट्री

रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच कोर्ट पर उतरे बिना ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं क्योंकि चौथे दौर में उनके प्रतिद्वंदी जैकब मेनसिक ने पेट की मांसपेशियों में खिंचाव कारण 24 घंटे पहले ही रविवार को अपना नाम वापस ले लिया। इससे अपना 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच को वाकओवर मिल गया। आयोजकों ने मेनसिक के नाम वापस लेने की पुष्टि की। यह मैच सोमवार रात को रॉड लेवर एरिना में खेला जाना था।मेनसिक ने कहा, 'पिछले कुछ मैचों के बाद मुझे अच्छा महसूस नहीं हो रहा था। समस्या मेरे पेट की बाईं तरफ की मांसपेशियों में है। अगर मैं सोमवार को कोर्ट पर उतरता हूं तो यह मेरे स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है।'



## खबर संक्षेप



### सऊदी अरब ने किया एशियाई शीतकालीन खेलों को स्थगित

**दुबई।** सऊदी अरब की ओलंपिक समिति और एशियाई ओलंपिक परिषद ने 2029 एशियाई शीतकालीन खेलों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने पर सहमति जताई है। इन खेलों का आयोजन सऊदी अरब की भविष्यवादी शहर परियोजना एनईओएम के एक पर्वतीय रिसॉर्ट में होने वाला था। एशियाई ओलंपिक परिषद ने कहा कि दोनों संगठनों ने खेलों की मेजबानी के लिए 'भविष्य के लिए एक अपडेटिड ढांचे' पर सहमति बनाई है और खेलों को स्थगित किया जाएगा और इन्हें बाद की किसी तारीख में कराया जाएगा, जिसकी घोषणा आने वाले समय में की जाएगी। बयान में खेलों के स्थगन का कोई कारण नहीं बताया गया।

### बांग्लादेश का टी20 विश्व कप से बाहर होना दुखदः डब्ल्यूसीए

**लंदन।** विश्व क्रिकेट संघ (डब्ल्यूसीए) ने टी20 विश्व कप से बांग्लादेश के बाहर होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह ''एक दुखद क्षण'' है जिस पर ''गहन चिंतन'' करने की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को पुष्टि की कि सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया गया है। आईसीसी ने कहा कि यह ''मुश्किल फैसला'' इसलिए किया गया क्योंकि टूर्नामेंट से ठीक पहले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के उसकी टीम के मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने के अनुरोध को पूरा करना संभव नहीं था।

### स्प्राट टूर्नामेंट ऑफ चैंपियंस में उलटफेर करने से चूकी अनाहत



**नई दिल्ली।** उभरती हुई स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह को न्यूयॉर्क में स्प्राट टूर्नामेंट ऑफ चैंपियंस के दूसरे दौर में जापान की विश्व में सातवें नंबर की खिलाड़ी सतोमी वातानाबे के खिलाफ उलटफेर करने की स्थिति में पहुंचने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। अपने पहले पीएसए प्लैटिनम-स्तरीय टूर्नामेंट में भाग ले रही महिला रैंकिंग में विश्व की 31वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने शुरुआती दो गेम जीते, लेकिन जापान की छठी वरीयता प्राप्त अनुभवी खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 6-11, 6-11, 11-2, 11-8, 11-6 से जीत हासिल की।सतोमी ने कहा, 'यह मेरे लिए वास्तव में एक कड़ा मैच था। उसने (अनाहत) बहुत ही शानदार खेल दिखाया। उसके विनर्स तो कमाल के थे। मैं मैच जीतने से वास्तव में बहुत खुश हूं।'

## लगातार तीसरा मैच जीतकर टीम इंडिया ने सीरीज में बनाई 3-0 की अजेय बढ़त

# भारत ने 10 ओवर में चेज किए 154 रन, न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराया, अभिषेक की 14 गेंद पर फिफ्टी

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने महज 14 गेंद में 5 चौके और 4 छक्के से धमाकेदार अर्धशतक जड़ा जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एक और आक्रामक पचासा लगाकर शानदार फॉर्म जारी रखी, जिससे भारत ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को 10 ओवर में 8 विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला अपने नाम कर ली। भारत ने 154 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पावर-हिटिंग से इस मुकाबले को एकतरफा बना दिया, जिसमें अभिषेक ने 20 गेंद में सात चौके और पांच छक्के से नाबाद 68 रन जबकि सूर्यकुमार ने 26 गेंद में छह चौके और तीन छक्के से नाबाद 57 रन बनाए। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए महज 40 गेंद में 102 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने 10 ओवर में दो विकेट पर 155 रन बनाकर श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। श्रृंखला का चौथा मैच 28 जनवरी को विशाखापत्तनम में खेला जाएगा। भारत ने न्यूजीलैंड को 20 ओवर में 9 विकेट पर 153 रन पर रोक दिया। मेजबान खेमे से बुमराह ने 17 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जबकि हार्दिक पंड्या और रवि बिश्नोई ने 2-2 विकेट निकाले। हर्षित राणा को 1 सफलता हाथ लगी।



सूर्या ने एक और आक्रामक पचासा लगाकर जारी रखा अपना शानदार फॉर्म

### अभिषेक ने तोड़ा हार्दिक का रिकॉर्ड

गुवाहाटी में अभिषेक शर्मा का तूफान देखने को मिला, जहां उन्होंने सिर्फ 14 गेंदों पर छक्कों के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। अभिषेक ने 14 गेंदों पर अर्धशतक लगाने के बाद हार्दिक पंड्या का रिकॉर्ड तोड़ दिया साथ ही साथ उन्होंने इशान किशन को भी इस मामले में पीछे छोड़ दिया। अभिषेक टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए। अभिषेक ने हार्दिक पंड्या को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने भारत के लिए 16 गेंदों पर अर्धशतक साल 2025 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ लगाया था। इस लिस्ट में युवराज सिंह पहले नंबर पर हैं, जिन्होंने 12 गेंदों पर साल 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया था।

### टी20 में सबसे कम गेंदों पर अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज

- युवराज सिंह- 12 गेंद बनाम इंग्लैंड- 2007
- अभिषेक शर्मा- 14 गेंद बनाम न्यूजीलैंड- 2026
- हार्दिक पंड्या- 16 गेंद बनाम साउथ अफ्रीका- 2025

### टीम इंडिया ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। टीम इंडिया ने 154 रन का लक्ष्य 10 ओवर में ही चेज किया और वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। यह किसी भी फुलटाइम खेलने वाले देश का टी20 इंटरनेशनल में किसी फुलटाइम खेलने वाले देश के खिलाफ सबसे तेज 150 प्लस रन का चेज है। वहीं भारतीय टीम ने अपने घर पर लगातार 10वीं टी20 सीरीज जीती है। इस मामले में भारतीय टीम नंबर 1 है। ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर है, जिसने सबसे ज्यादा 8 टी20 सीरीज अपने घर पर लगातार जीती थीं। वहीं लगातार भारत ने 11वीं टी20 सीरीज जीती है। इस मामले में पाकिस्तान की टीम नंबर 1 थी, भारत ने पाकिस्तान के रिकॉर्ड की बराबरी की है।

### इशान से आगे निकले अभिषेक

अभिषेक ने 14 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और वो न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20आई में भारत की तरफ से सबसे कम गेंदों पर अर्धशतक लगाने वाले बैटर बने। अभिषेक ने इशान किशन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने पिछले मैच में यानी दूसरे टी20 मैच में रायपुर में 21 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था।

## शानदार फॉर्म में सैन्यम और गौरव, जीता एयर पिस्टल का फाइनल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



चंडीगढ़ की सैन्यम और उत्तर प्रदेश के गौरव कुमार ने राष्ट्रीय निशानेबाजी चयन ट्रायल एक और दो के अंतिम दिन महिला और पुरुष वर्ग के 10 मीटर एयर पिस्टल ट्रायल दो के फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल किया।विश्व कप फाइनल की रजत पदक विजेता सैन्यम ने अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए फाइनल में 243.1 के प्रभावशाली स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जो रिदम सांगवान (237.7) से 5.4 अंक अधिक था।मीनू पाठक ने फाइनल में 218.5 का स्कोर बनाकर एक बार फिर शीर्ष तीन में जगह बनाई।

### आठवें स्थान पर रहीं सुरुचि सिंह

इससे पहले क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि सिंह ने 587 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन फाइनल में वह आठवें स्थान पर रही। पलक ने क्वालीफाइंग राउंड में 579 का स्कोर बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया लेकिन फाइनल में उन्हें 178.2 का स्कोर बनाकर पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। अनुभवी श्वेता सिंह ने 578 के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग में तीसरा स्थान हासिल किया और फाइनल में वह छठे स्थान पर रहीं। मीनू पाठक ने क्वालीफाइंग राउंड में 577 और प्रिया मुरलीधर ने 576 अंक हासिल किए। रिदम सांगवान और सैन्यम ने भी 576 अंक बनाए जबकि दिव्या टीएस ने 575 अंकों के साथ शीर्ष आठ में जगह बनाई।

### टी2 के फाइनल में शीर्ष स्थान पर गौरव

गौरव ने ट्रायल एक में दूसरे स्थान पर रहने के अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए टी2 के फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल किया। गौरव ने 584 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने फाइनल में 245.5 का स्कोर बनाकर पहला स्थान हासिल किया।

## फुटबॉल लीग ला लिगा

## टॉप पर रियाल मैड्रिड, दूसरे स्थान पर खिसका बार्सिलोना



एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

किलियन एमबापे के दो गोल की मदद से रियाल मैड्रिड ने विलारियाल को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में बार्सिलोना को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

■ एमबापे ने दागे दो गोल

एमबापे ने 47वें मिनट में पहला गोल किया और फिर इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल करके यह सुनिश्चित किया कि रियाल मैड्रिड अंकतालिका में बार्सिलोना से दो अंक आगे निकल जाए। बार्सिलोना को पहला स्थान वापस पाने के लिए अपने अगले मैच में सबसे निचले पायदान पर काबिज रियाल ओविएडो को हराना होगा।

इस जीत से रियाल 21 मैच में 51 अंक हो गए हैं जबकि बार्सिलोना के 20 मैच में 49 अंक हैं। एटलेटिको मैड्रिड और विलारियाल के 20 मैच में 41 अंक हैं तथा वह क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। फ्रांस के स्टार खिलाड़ी एमबापे अभी तक ला लिगा में 21 गोल कर चुके हैं और वह सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में पहले स्थान पर हैं।

## महिला फुटबॉल टीम की कोच बनीं पामेला कोंटी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इटली की पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पामेला कोंटी को भारतीय महिला अंडर-17 टीम की मुख्य कोच नियुक्त किया गया और वह इस साल भारत के एएफसी एशियाई कप अभियान की जिम्मेदारी संभालेंगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की यह इस महीने में राष्ट्रीय टीम के लिए की गई दूसरी नियुक्ति है। इस महीने की शुरुआत में कोस्टा रिका की एमेलिया वाल्वर्डे को सीनियर महिला टीम का मेंटोर (मार्गदर्शक) नियुक्त किया गया था। 2015 और 2023 में फीफा महिला विश्व कप में कोस्टा रिका टीम का नेतृत्व करने वाली एमेलिया एक से 12 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी एशियाई कप तक टीम की देखरेख करेंगी। एएफसी महिला अंडर-17 एशियाई कप 30 अप्रैल से 17 मई तक चीन में आयोजित होगा। एआईएफएफ ने कहा कि 43 वर्षीय कोंटी अंडर-17 महिला टीम के महाद्वीपीय टूर्नामेंट की तैयारी के ट्रेनिंग शिविर में शामिल हो गई हैं, जो आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में चल रहा है।

एआईएफएफ ने कहा, 'कोंटी के सहायक स्टाफ के रूप में उनके भाई विंसेंजो कोंटी सहायक कोच के रूप में टीम में शामिल होंगे।'निवेथा रामदोस सहायक कोच के रूप में बनी रहेंगी।

## पर्थ स्कॉर्चर्स ने रिकॉर्ड छठी बार जीता बीबीएल का खिताब, सिडनी सिक्सर्स को 6 विकेट से हराया



एजेंसी ▶▶| पर्थ

सिडनी सिक्सर्स को 6 विकेट से मात देकर पर्थ स्कॉर्चर्स ने रिकॉर्ड छठी बार बिग बैश लीग (बीबीएल) खिताब अपने नाम कर लिया है। इससे पहले पर्थ स्कॉर्चर्स ने 2013/14, 2014/15, 2016/17, 2021/22 और 2022/23 का खिताब अपने नाम किया था। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी सिडनी सिक्सर्स पारी की अंतिम गेंद पर 132 के स्कोर पर सिमट गई।

इस टीम को डेनियल ह्यूज (7) के रूप में पहला झटका लगा। यहां से जोश फिलिप ने स्टीव स्मिथ के साथ दूसरे विकेट के लिए 27 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। स्मिथ 13 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद फिलिप ने कप्तान मोइसेस हेनरिक्स के साथ तीसरे विकेट के लिए 32 रन जोड़े। फिलिप और हेनरिक्स 24-24 रन बनाकर आउट हुए। विपक्षी खेमे से झाय रिचर्डसन और डेविड पायने ने 3-3 विकेट हासिल किए, जबकि महली बियर्डमैन ने 2 विकेट निकाले। आरोन हार्डी को 1 सफलता हाथ लगी।

### स्कॉर्चर्स ने 17.3 ओवरों में मैच किया अपने नाम

इसके जवाब में पर्थ स्कॉर्चर्स ने 17.3 ओवरों में खिताबी मैच अपने नाम कर लिया। इस टीम को मिचेल मार्श और फिन एलन की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 50 गेंदों में 80 रन की साझेदारी की। फिन 22 गेंदों में 1 छक्के और 4 चौकों के साथ 36 रन बनाकर आउट हुए। कुछ देर बाद टीम ने आरोन हार्डी (5) का विकेट भी खो दिया। इसके बाद मार्श ने जोश इंगलिस के साथ तीसरे विकेट के लिए 33 रन जुटाकर टीम को जीत के बेहद करीब पहुंचा दिया। मार्श 43 गेंदों में 2 छक्कों और 4 चौकों के साथ 44 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद जोश ने मोर्चा संभाला। जोश इंगलिस ने 29 रन की नाबाद पारी खेली। विपक्षी खेमे से सीन एबॉट ने सर्वाधिक 2 विकेट हासिल किए। इनके अलावा, मिचेल स्टार्क और जैक एडवर्ड्स ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

## सलमान अली आगा करेंगे कप्तानी, रिजवान और रऊफ बाहर, बाबर आजम को मौका

# पाकिस्तान ने किया टी20 विश्व कप के लिए स्क्वॉड का ऐलान

एजेंसी ▶▶| लाहौर

बांग्लादेश से समर्थन में टी20 विश्व कप 2026 से बाहर होने की धमकी देने के ठीक एक दिन बाद ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। टी20 विश्व कप के लिए सलमान अली आगा के नेतृत्व में पीसीबी ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टी20 विश्व कप की टीम में पूर्व कप्तान और सीनियर खिलाड़ी बाबर आजम को शामिल किया है, लेकिन तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को मौका नहीं दिया है। हाल ही में बीबीएल में बाबर, रिजवान और हारिस तीनों का ही प्रदर्शन निराशाजनक रहा है, लेकिन बाबर विश्व कप टीम में अपनी जगह बनाए रखने में कामयाब रहे हैं।

### मोहम्मद नफे विकेटकीपर

टीम में विकेटकीपर के रूप में ख्वाजा मोहम्मद नफे को मौका दिया गया है। सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को भी विकेटकीपर के रूप में शामिल किया गया है। संभव है वही विकेटकीपिंग की भूमिका निभाते दिखेंगे। फरहान घरेलू टी20 मैचों में विकेटकीपिंग करते रहे हैं। टीम में उस्मान खान भी हैं, जो विकेटकीपर हैं। मोहम्मद नवाज और शादाब खान अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी से टीम को संतुलन देते हुए नजर आएंगे। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में फहीम अशरफ को भी मौका दिया गया है। हारिस रऊफ की गैरमौजूदगी में तेज गेंदबाजी कमान शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह संभालेंगे।



### भारत, नीदरलैंड, यूएसए के साथ ग्रुप ए में पाकिस्तान

विश्व कप की शुरुआत 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में हो रही है। पाकिस्तान को भारत, नीदरलैंड, यूएसए और नामीबिया के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। पाकिस्तान 7 फरवरी को नीदरलैंड, 10 फरवरी को यूएसए, 15 फरवरी को पाकिस्तान और 18 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ खेलेगा। पाकिस्तान अपने सभी ग्रुप मैच कोलंबो में खेलेगा।

### विश्व कप के लिए पाकिस्तान टीम

सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमान, ख्वाजा मोहम्मद नफे (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेटकीपर), सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

### 'प्रोग्राम ऑफ द ईयर' से नवाजा गया आर्मी रोइंग नोड

**नई दिल्ली।** पुणे के कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग में स्थित आर्मी रोइंग नोड ने खेल के विकास में अपनी अहम भूमिका के लिए विश्व रोइंग का 'प्रोग्राम ऑफ द ईयर' पुरस्कार हासिल किया है। उसने इस पुरस्कार की दौड़ में फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम को पीछे छोड़ा। आर्मी रोइंग नोड (एआरएन) की स्थापना 2001 में हुई थी। यह भारत का एकमात्र मानव निर्मित अंतरराष्ट्रीय मानक का 2,200 मीटर गुणा 135 मीटर का रोइंग चैनल है और इसमें 60 से 90 रोअर प्रशिक्षण लेते हैं। वर्ष 2024 में स्थापित विश्व रोइंग पुरस्कार लुसाने स्थित ओलंपिक संग्रहालय में एआरएन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल आर रामकृष्णन को प्रदान किया गया।








हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com